दैनिक
लखनऊ से प्रकाशित एवं उ.प्र., बिहार, झारखण्ड, मध्यप्रदेश, राजस्थान, दिल्ली में प्रसारित
RNI-UPHIN/2014/58471

# अमन लेखनी



विजय ने टाइटैनिक.......



हॉलीवुड एक्टर....

वर्ष : 11 अंक : 203 लखनऊ, 10 जुलाई, गुरूवार 2025 पृष्ठ : 08 मूल्य : 2.00 रुपए

# प्रधानमंत्री मोदी को ब्राजील के सर्वोच्च नागरिक सम्मान से सम्मानित किया गया

अमन लेखनी समाचार/
राज कुमार सिंह चौहान ब्यूरो प्रमुख



नई दिल्ली, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को ब्राजील के सर्वोच्च नागरिक सम्मान ग्रैंड कॉलर ऑफ द नेशनल ऑर्डर ऑफ द सदर्न क्रॉस से सम्मानित किया गया। यह पुरस्कार भारत और ब्राजील के बीच संबंधों को गहरा करने और ब्रिक्स, जी20 और संयुक्त राष्ट्र जैसे अंतरराष्ट्रीय मंचों पर मजबूत सहयोग बनाने के लिए प्रधानमंत्री मोदी के प्रयासों को मान्यता देता है। इसके अलावा ब्राजील के राष्ट्रपति लुईस इनासियो लूला डी सिल्वा ने प्रधानमंत्री मोदी को द्विपक्षीय संबंधों को मजबूत करने और प्रमुख वैश्विक मंचों पर भारत-ब्राजील सहयोग बढ़ाने में उल्लेखनीय योगदान के लिए यह सम्मान दिया।

पीएम मोदी ने लूला के साथ प्रतिनिधिमंडल स्तर की वार्ता के बाद संयुक्त प्रेस वक्तव्य में कहा, आज राष्ट्रपति द्वारा ब्राजील के सर्वोच्च राष्ट्रीय पुरस्कार से सम्मानित होना न केवल मेरे लिए, बल्कि 140 करोड़ भारतीयों के लिए भी अत्यंत गर्व और भावना का क्षण है। उन्होंने कहा, मैं उनके (राष्ट्रपति लूला), ब्राजील सरकार और ब्राजील की जनता के प्रति हार्दिक आभार व्यक्त करता हूं। मई 2014 में मोदी के प्रधानमंत्री बनने के बाद से किसी विदेशी सरकार द्वारा उन्हें दिया गया यह 26वां अंतरराष्ट्रीय सम्मान है।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और ब्राजील के राष्ट्रपति लुईस इनासियो लूला डी सिल्वा के बीच मंगलवार को वार्ता के बाद भारत और ब्राजील ने अगले पांच वर्षों में द्विपक्षीय व्यापार को लगभग दोगुना करके 20 अरब अमेरिकी डॉलर वार्षिक करने का लक्ष्य निर्धारित किया।

## मुख्यमंत्री आदित्यनाथ ने प्रधानमंत्री मोदी को ब्राजील में मिले सम्मान पर बधाई दी

संवाददाता/ अमन लेखनी समाचार

लखनऊ, उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को ब्राजील के सर्वोच्च नागरिक सम्मान से सम्मानित किए जाने पर बधाई दी और इसे पूरे देश के लिए गौरव का क्षण बताया। मुख्यमंत्री ने एक्स पर पोस्ट कर कहा, माननीय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी को ब्राजील के सर्वोच्च राष्ट्रीय सम्मान द ग्रैंड कॉलर ऑफ द नेशनल ऑर्डर ऑफ द सदर्न क्रॉस से सम्मानित किए जाने पर बधाई। उन्होंने कहा, यह प्रतिष्ठित सम्मान आपके दूरदर्शी नेतृत्व और विश्वास, सहयोग और साझा वैश्विक लक्ष्यों के माध्यम से भारत-ब्राजील संबंधों को मजबूत करने के आपके समर्पित प्रयासों को दशार्ता है। इस सम्मान को सभी भारतीयों के लिए गौरव का क्षण बताते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि यह भारत के बढ़ते वैश्विक कद का प्रतीक है। प्रधानमंत्री मोदी को मंगलवार को ब्राजील के सर्वोच्च नागरिक सम्मान ग्रैंड कॉलर ऑफ द नेशनल ऑर्डर ऑफ द सदर्न क्रॉस से सम्मानित किया गया। ब्राजील के राष्ट्रपति लुईस इनासियो लूला डी सिल्वा ने प्रधानमंत्री मोदी को द्विपक्षीय संबंधों को मजबूत करने और प्रमुख वैश्विक मंचों पर भारत-ब्राजील सहयोग बढ़ाने में उल्लेखनीय योगदान के लिए यह सम्मान दिया। मई 2014 में मोदी के प्रधानमंत्री बनने के बाद से किसी विदेशी सरकार द्वारा उन्हें दिया गया यह 26वां अंतरराष्ट्रीय सम्मान है।

# गुजरात पुल हादसे में नौ की मौत

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार



नई दिल्ली, गुजरात में गंभीरा पुल के ढह जाने के बाद बुधवार को वाहनों के महिसागर नदी में गिर जाने से कम से कम नौ लोगों की मौत हो गई और छह लोग घायल हो गए। गुजरात के गृह मंत्री हर्ष संघवी ने कहा कि 9 शव बरामद कर लिए गए हैं और 6 लोगों को बचा लिया गया है। सीएम ने सुबह ही एक उच्च समिति को घटनास्थल पर भेजा और उन्होंने जल्द से जल्द रिपोर्ट मांगी है। इसे बेहद गंभीरता से लेते हुए सीएम ने सड़क एवं भवन विभाग की एक टीम और अन्य टीमों को वहां जाकर ठोस कदम उठाने के निर्देश दिए हैं।

गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल ने गंभीरा पुल हादसे में हुई मौतों पर शोक व्यक्त किया और घटना की जाँच के आदेश दिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि आनंद और वडोदरा को जोड़ने वाले गंभीरा पुल के 23 स्पैन में से एक के ढहने से हुई त्रासदी दुखद है। मैं इस दुर्घटना में मारे गए लोगों के लिए प्रार्थना करता हूँ। मैंने वडोदरा कलेक्टर से बात की है और उन्हें घायलों के तत्काल उपचार और प्राथमिकता के आधार पर व्यवस्था करने के निर्देश दिए गए हैं। स्थानीय नगरपालिका और वडोदरा नगर निगम की दमकल टीम नावों और तैराकों के साथ दुर्घटनास्थल पर बचाव और राहत कार्य में लगी हुई है, जबकि एनडीआरएफ की टीम भी मौके पर पहुँचकर बचाव अभियान में शामिल हो गई है। सड़क निर्माण विभाग को इस दुर्घटना की तत्काल जाँच करने के आदेश दिए गए हैं।

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि गुजरात के वडोदरा जिले में एक पुल के ढहने से हुई जान-माल की हानि बेहद दुखद है। उन्होंने प्रत्येक मृतक के परिजनों को प्रधानमंत्री राष्ट्रीय राहत कोष से 2 लाख रुपये और घायलों को 50,000 रुपये की अनुग्रह राशि देने की घोषणा की। प्रधानमंत्री कार्यालय ने एक्स पर लिखा कि गुजरात के वडोदरा जिले में एक पुल के ढहने से हुई जान-माल की हानि बेहद दुखद है। जिन लोगों ने अपने प्रियजनों को खोया है, उनके प्रति संवेदना। घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करता हूँ। प्रधानमंत्री राष्ट्रीय राहत कोष से प्रत्येक मृतक के परिजनों को 2 लाख रुपये की अनुग्रह राशि दी जाएगी। घायलों को 50,000 रुपये दिए जाएँगे।

## मौसम

अधिकतम तापमान 42.c
न्यूनतम तापमान 29.c

## बाजार

सोना 7,177/ g
चांदी 96/ g
सेंसेक्स 82,530.74
निफटी 25,062.10

## संक्षिप्त समाचार

### अरुणाचल के मुख्यमंत्री ने किया दलाई लामा को भारत रत्न देने का समर्थन, केंद्र से करेंगे सिफारिश

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार

नई दिल्ली, अरुणाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री पेमा खांडू ने कहा है कि दलाई लामा को भारत रत्न प्रदान किया जाना चाहिए और वह तिब्बत के आध्यात्मिक गुरु को भारत का सर्वोच्च नागरिक पुरस्कार दिए जाने की सिफारिश करने के वास्ते केंद्र सरकार को पत्र लिखेंगे। खांडू ने मंगलवार को पीटीआई वीडियो के साथ एक साक्षात्कार में यह भी कहा कि अगले दलाई लामा के चयन पर चीन का कोई अधिकार नहीं है क्योंकि तिब्बती बौद्ध धर्म का पालन मुख्य भूमि चीन में नहीं, बल्कि तिब्बत और भारत के हिमालयी क्षेत्रों में किया जाता है। दलाई लामा को भारत रत्न दिए जाने के पक्ष में सांसदों के एक समूह के अभियान के बारे में पूछे जाने पर उन्होंने कहा कि यह दलाई लामा ही थे जिन्होंने नालंदा स्कूल ऑफ बुद्धिज्म का प्रचार और विस्तार किया।

### सीएम रेखा गुप्ता के सरकारी आवास का नहीं होगा रेनोवेशन, 60 लाख का टेंडर रद्द

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार

नई दिल्ली, दिल्ली सरकार ने कुछ प्रशासनिक कारणों से मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता के आधिकारिक आवास के लिए 60 लाख रुपये के नवीनीकरण के टेंडर को रद्द कर दिया। सीएम गुप्ता को लोक निर्माण विभाग द्वारा राज निवास मार्ग पर दो बंगले आवंटित किए गए थे - एक उनके आवास के लिए और दूसरा कैंप कार्यालय के लिए। उन्होंने पिछले हफ़्ते अपने कैंप कार्यालय का उद्घाटन किया था।

# राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने की बाराबंकी में खुशहाल वन महाअभियान की शुरूआत

संवाददाता/ अमन लेखनी समाचार



लखनऊ, उत्तर प्रदेश की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने बुधवार को बाराबंकी रेलवे स्टेशन के पास सेना परिसर में पौधारोपण कर खुशहाल वन महाअभियान 2025 का उद्घाटन किया। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। इस कार्यक्रम में विभिन्न प्रकार के फलदार, छायादार और औषधीय पौधे लगाए गए। राज्यपाल पटेल ने कहा, पौधारोपण एक दिन का काम नहीं है, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के बेहतर भविष्य की दिशा में एक कदम है। उन्होंने रोपे गए पौधों की उचित देखभाल सुनिश्चित करने में समाज की सामूहिक जिम्मेदारी पर बल दिया। कार्यक्रम के दौरान जिलाधिकारी शशांक त्रिपाठी ने राज्यपाल को पौधारोपण स्थल पर तैयारियों और निगरानी व्यवस्थाओं की जानकारी दी। पुलिस अधीक्षक अर्पित विजयवर्गीय ने पर्यावरण संरक्षण में जनभागीदारी के महत्व पर प्रकाश डाला। प्रदेश सरकार के राज्य मंत्री सतीश शर्मा और विधान परिषद सदस्य अंगद सिंह ने भी पर्यावरण संरक्षण के प्रति अपनी प्रतिबद्धता प्रदर्शित करते हुए इस अभियान में भाग लिया।

# बलरामपुर में एक जल्लाद को गिरफ्तार किया है... छांगुर बाबा के खिलाफ ऐक्शन पर बोले सीएम योगी

संवाददाता/ अमन लेखनी समाचार

लखनऊ, उत्तर प्रदेश के बलरामपुर में धर्मांतरण रैकेट चलाने वाले जलालुद्दीन उर्फ छांगुर बाबा के खिलाफ ऐक्शन पर सीएम योगी आदित्यनाथ ने आजमगढ़ में बड़ा बयान दिया है। आजमगढ़ में एक पेड़ मां के नाम के तहत एक मेगा अभियान को संबोधित करते हुए कहा कि हमने बलरामपुर में एक जल्लाद को गिरफ्तार किया, जो हिंदू बहन-बेटियों की इज्जत के साथ खिलवाड़ करता था। उन्होंने सौफ तौर पर कहा कि हम समाज को टूटने नहीं देंगे और राष्ट्र-विरोधी, असामाजिक तत्वों को भी नष्ट करेंगे; साथ ही धरती माता की रक्षा भी करेंगे।

आपको बका दें कि जिला प्रशासन और पुलिस ने धर्मांतरण रैकेट के कथित सरगना के अवैध निर्माण को ध्वस्त करने की अपनी कार्रवाई बुधवार को जारी रखी। जलालुद्दीन उर्फ छांगुर बाबा नामक इस सरगना को हाल ही में उत्तर प्रदेश आतंकवाद निरोधक दस्ते ने गिरफ्तार किया था। इससे पहले अयोध्या में योगी आदित्यनाथ ने एक पेड़ मां के नाम



अभियान के तहत बुधवार को सरयू नदी के किनारे त्रिवेणी वाटिका में बरगद, नीम और पीपल के पौधे लगाकर इसे भगवान श्रीराम, धरती माता और जन्मदायिनी माता को समर्पित किया। अयोध्या में आयोजित एक जनसभा में उन्होंने जलवायु परिवर्तन के खिलाफ इस अभियान की महत्ता पर जोर दिया।

पर्यावरण संरक्षण की दिशा में पिछले आठ वर्षों में उत्तर प्रदेश की अभूतपूर्व प्रगति पर प्रकाश डालते हुए मुख्यमंत्री ने कहा, इस दौरान 204 करोड़ पौधे लगाए गए जिनमें से 75 प्रतिशत पौधे जीवित हैं। इसके परिणामस्वरूप राज्य में पांच लाख एकड़ क्षेत्र में वन आच्छादन बढ़ा है। एक बयान के मुताबिक मुख्यमंत्री ने कहा, हमने हीटवेव (गर्म हवा) को ग्रीनवेव (शीतल हवा) में बदला है। यह प्रयास न केवल पर्यावरण को स्वच्छ रखने में सहायक है, बल्कि जलवायु परिवर्तन के दुष्प्रभावों को कम करने में भी महत्वपूर्ण योगदान दे रहा है। उन्होंने वैज्ञानिक जगदीश चंद्र बसु का उल्लेख करते हुए कहा, पेड़ों में भी जीवन है और ये छाया, फल, मृदा संरक्षण और प्रदूषण नियंत्रण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

# अमरनाथ यात्रा के लिए 7,500 से अधिक तीर्थयात्रियों का नया जत्था रवाना

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार



नई दिल्ली, दक्षिण कश्मीर के हिमालयी क्षेत्र में 3,880 मीटर की ऊंचाई पर स्थित अमरनाथ गुफा मंदिर के लिए 7,500 से अधिक तीर्थयात्रियों का एक नया जत्था मंगलवार देर रात को जम्मू से रवाना हुआ। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। गुफा मंदिर में दर्शन करने वाले तीर्थयात्रियों की संख्या एक लाख को पार कर गई है। घाटी के दो मार्ग से तीन जुलाई को 38 दिवसीय तीर्थयात्रा शुरू हुई थी। पहला मार्ग अनंतनाग जिले में 48 किलोमीटर लंबा पारंपरिक नुनवान-पहलगाम मार्ग है और दूसरा मार्ग गांदरबल जिले में 14 किलोमीटर का छोटा लेकिन अधिक खड़ी चढ़ाई वाला बालटाल मार्ग है। यात्रा नौ अगस्त को समाप्त होगी। अधिकारियों ने बताया कि केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) और पुलिस कर्मियों की सुरक्षा में 5,719 पुरुषों, 1,577 महिलाओं और 40 बच्चों सहित 7,579 तीर्थयात्रियों का आठवां जत्था तड़के तीन बजकर 25 मिनट से तीन बजकर 40 मिनट के बीच भगवती नगर आधार शिविर से 318 वाहनों में सवार होकर कश्मीर स्थित दोनों आधार शिविरों के लिए रवाना हुआ। उन्होंने बताया कि तीर्थयात्रियों का पहला काफिला 142 वाहनों में 3,031 तीर्थयात्रियों को लेकर गांदरबल जिले के बालटाल मार्ग के लिए रवाना हुआ, जिसके बाद 176 वाहनों में 4,548 तीर्थयात्रियों का दूसरा जत्था पहलगाम मार्ग से यात्रा कर रहा है। उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने दो जुलाई को अमरनाथ गुफा के लिए तीर्थयात्रियों के पहले जत्थे को हरी झंडी दिखाई थी। जम्मू में त्योहार जैसा माहौल है और बाजारों, सामुदायिक रसोइयों एवं आवास केंद्रों में बड़ी संख्या में तीर्थयात्री देखे जा रहे हैं। अब तक 3.5 लाख से अधिक लोगों ने तीर्थयात्रा के लिए ऑनलाइन पंजीकरण कराया है। जम्मू में 34 आवास केंद्र स्थापित किए गए हैं और तीर्थयात्रियों को रेडियो फ्रीक्वेंसी आइडेंटिफिकेशन (रेडियो आवृत्ति पहचान या आरएफआईडी) टैग जारी किए जा रहे हैं। मौके पर ही पंजीकरण के लिए 12 काउंटर स्थापित किए गए हैं। उन्होंने बताया कि लखनपुर से बनिहाल तक जम्मू क्षेत्र के विभिन्न आवास केंद्रों पर 50,000 से अधिक लोगों के लिए भोजन और आवास की व्यवस्था की गई है। उन्होंने बताया कि इस उद्देश्य के लिए 100 से अधिक आवास केंद्र स्थापित किए गए हैं। पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि तीर्थयात्रियों की सुरक्षा के लिए केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बलों (सीएपीएफ) की कुल 180 कंपनी तैनात की गई हैं जो पिछले वर्षों की तुलना में 30 अधिक हैं।

# राजस्थान के हनुमानगढ़ जिले में सड़क हादसे में तीन लोगों की मौत

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार

हनुमानगढ़ , राजस्थान के हनुमानगढ़ जिले में बुधवार को रोडवेज बस और डंपर की टक्कर में तीन लोगों की मौत हो गई तथा 12 से अधिक लोग घायल हो गए। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि यह हादसा हनुमानगढ़-संगरिया मार्ग पर नगराना गांव के पास उस समय हुआ जब रोडवेज बस बजरी से भरे डंपर के पिछले हिस्से से टकरा गई। उसने बताया कि आसपास के ग्रामीण मौके पर पहुंचे और घायलों को निकालकर नजदीकी अस्पताल पहुंचाने में मदद की। पुलिस ने बताया कि गंभीर रूप से घायलों को जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया जहां इलाज के दौरान तीन यात्रियों की मौत हो गई। हनुमानगढ़ के पुलिस अधीक्षक हरिशंकर ने बताया, सूचना मिलते ही पुलिस और प्रशासन की टीम मौके पर पहुंचीं। तीन लोगों की मौत हो गई, चार गंभीर रूप से घायल हैं और 10 को मामूली चोटें आई हैं। पुलिस अधीक्षक खुद दुर्घटनास्थल पर पहुंचे और राहत कार्यों का जायजा लिया। उन्होंने बताया कि क्रेन की मदद से डंपर और बस को घटनास्थल से हटाकर यातायात बहाल कर दिया गया है।

# रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह से मिले सिद्धारमैया और डीके शिवकुमार

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार



नई दिल्ली, कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया और उपमुख्यमंत्री डीके शिवकुमार ने आज नई दिल्ली में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह से मुलाकात की। सीएमओ ने बताया कि मुख्यमंत्री ने मैसूर दशहरा उत्सव के दौरान एक एयर शो के आयोजन पर चर्चा की। उन्होंने बेंगलुरु में रक्षा गलियारे और विकास कार्यों के लिए रक्षा विभाग की जमीन के प्रावधान पर भी चर्चा की। मुख्यमंत्री सिद्धारमैया और उपमुख्यमंत्री डीके शिवकुमार की पार्टी आलाकमान के साथ प्रस्तावित बैठक ने राजनीतिक हलकों में हलचल मचा दी है।

सूत्रों के अनुसार, दोनों नेता बुधवार शाम कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे और लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी से मुलाकात कर सकते हैं। हालाँकि सिद्धारमैया और शिवकुमार ने कहा है कि उनका दिल्ली दौरा उनके आधिकारिक काम से संबंधित था, लेकिन राज्य में नेतृत्व परिवर्तन और पार्टी में असंतोष के संकेत देने वाले मंत्रियों और विधायकों के मद्देनजर शीर्ष नेताओं के साथ उनकी मुलाकात महत्वपूर्ण मानी जा रही है।

शिवकुमार ने बुधवार को राज्य में कांग्रेस नीत सरकार में नेतृत्व परिवर्तन की अटकलों को खारिज करते हुए कहा कि फिलहाल मंत्रिमंडल संरचना में बदलाव की कोई योजना नहीं है। शिवकुमार ने संवाददाताओं से कहा, ह्लमंत्रिमंडल में कोई फेरबदल नहीं होने वाला है। मैं और मुख्यमंत्री राज्य के विभिन्न मुद्दों पर चर्चा करने के लिए केंद्रीय मंत्रियों से मिल रहे हैं।ह्व राज्य में कांग्रेस सरकार के ढाई साल पूरे होने के बाद उनके मुख्यमंत्री बनने की कयासबाजी पर शिवकुमार ने इसे मीडिया की अटकलें करार दिया और स्पष्ट किया कि ऐसी कोई योजना नहीं है।

# गृह मंत्री अमित शाह ने बताया अपना रिटायरमेंट प्लान

## राजनीति से संन्यास लेने के बाद क्या करेंगे?

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार



नई दिल्ली, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने राजनीति के बाद अपनी सेवानिवृत्ति योजना को लेकर बड़ा बयान दिया है। अहमदाबाद में ह्यसहकार संवादह्ण कार्यक्रम में बोलते हुए उन्होंने कहा कि सार्वजनिक जीवन से दूर होने के बाद वह प्राकृतिक खेती पर ध्यान केंद्रित करना चाहते हैं और वेदों और उपनिषदों जैसे हिंदू ग्रंथों को पढ़ने में अधिक समय बिताना चाहते हैं। उन्होंने प्राकृतिक खेती को एक वैज्ञानिक पद्धति बताया जो स्वास्थ्य और पर्यावरण दोनों के लिए बेहद फायदेमंद है। अमित शाह ने कहा कि रिटायर होने के बाद मैं अपना शेष जीवन वेदों, उपनिषदों और प्राकृतिक खेती को समर्पित करूँगा। उन्होंने कहा कि रासायनिक उर्वरकों से उगाया गया गेहूं अक्सर कई तरह की स्वास्थ्य समस्याओं का कारण बनता है। प्राकृतिक खेती न केवल शरीर को रोगों से मुक्त रखती है, बल्कि कृषि उत्पादकता को भी बढ़ाती है। शाह ने बताया कि रासायनिक उर्वरकों से उगाए गए खाद्य पदार्थ, जैसे गेहूँ, रक्तचाप, मधुमेह, थायरॉइड विकार और यहाँ तक कि कैंसर जैसी गंभीर स्वास्थ्य समस्याओं का कारण बन सकते हैं।

अमित शाह ने कहा कि मैं जब देश का गृहमंत्री बना, तब सभी लोग मुझसे कहते थे कि आपको तो बड़ा महत्वपूर्ण विभाग मिल गया है। लेकिन जिस दिन मुझे सहकारिता मंत्री बनाया गया, उस दिन मुझे लगा कि गृह मंत्रालय से भी बड़ा डिपार्टमेंट मुझे मिल गया है, जो देश के किसानों, गरीबों, गांवों व पशुओं के लिए काम करता है। शाह ने अपना व्यक्तिगत अनुभव भी साझा करते हुए कहा कि अपने खेत में प्राकृतिक तरीकों को अपनाने के बाद से उनकी फसल की पैदावार 1.5 गुना बढ़ गई है।

उन्होंने कहा कि वे खेती की इस पद्धति के प्रति बहुत भावुक हैं और राजनीति से संन्यास लेने के बाद आध्यात्मिक ग्रंथों का अध्ययन करने के साथ-साथ अपना पूरा समय इसी में लगाना चाहते हैं। कुछ महीने पहले, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने अपने स्वास्थ्य परिवर्तन के बारे में बात की थी, और बताया था कि कैसे सरल और स्वस्थ आदतों के माध्यम से उनकी जीवनशैली बेहतर हुई है।

## संक्षेप

### डॉक्टर व आशा बहु की तू तू मैं मैं बना चर्चा का विषय

असोहा, उन्नाव। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में कार्यरत महिला डॉक्टर उषा यादव ने मरीज दिखाने आई आशा बहू से की बदसलूकी । क्षेत्र के बिकामऊ गांव की भुक्त भोगी आशा बहु विष्णु कांति ने पत्रकारों को बताया कि मैं आज अपने गांव की महिला कोमल पत्नी रोहित कुमार को दिखाने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र असोहा आई थी , मरीज के पेट में तीन माह का गर्भ पल रहा है जब मैं डॉक्टर उषा यादव के पास मरीज दिखाने पहुंची तो डॉक्टर ने कहा कि इससे पहले कहीं दिखाई हो तब कोमल ने नवाबगंज सीएससी का पर्चा दिया पर्चा देखते ही डॉक्टर उषा ने अपशब्दों का प्रयोग करते हुए धक्का मार दिया और कहा जब वहां दिखा चुकी हो तो असोहा क्यों लाई हो जब मैंने इसका विरोध किया तो उपरोक्त डॉक्टर ने कहा कि मेरा लड़का आईपीएस है तुझे जेल में भिजवा दूंगी और मरीज को भगा दिया और कहां वही दिखाओ जहां पहले दिखाया है ।वही जब इस सम्बंध में डॉक्टर उषा यादव से पूंछा गया तो उन्होंने बताया कि मरीज ज्यादा थे मैंने कहा कि थोड़ा सब्र कीजिए इतने में ही आशा बहु बिगड़ गई और जो आरोप लगा रही हैं वह सरासर गलत और भी बुनियाद ,निराधार हैं ।

### नगर पालिका ने टैक्सी टैंपो अड्डे का दिया ठेका

अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। गंगाघाट नगर पालिका परिषद शुक्लागंज ने बालूघाट स्थित कमर्शियल वाहन पड़ाव का संचालन निजी ठेकेदार को सौंप दिया है। यह कदम शहर की अव्यवस्थित टैक्सी और टेंपो पार्किंग व्यवस्था को नियंत्रित करने के लिए उठाया गया है। ई-टेंडरिंग प्रक्रिया 21 जून को शुरू की गई थी। टेंडर की आधार राशि 26.95 लाख रुपये थी। इसमें तीन फर्मों ने हिस्सा लिया। मेसर्स बाबा सत्यनारायण बिल्डर ने 27 लाख रुपये की बोली लगाई। श्रवण कुमार सिंह ने 28.50 लाख रुपये की बोली दी। अवधेश कंस्ट्रक्शन एंड सप्लायर ने सर्वाधिक 29,51,975 रुपये की बोली लगाकर ठेका हासिल किया ।ठेका मिलते ही कंपनी ने बालूघाट स्थित स्टैंड पर अपना संचालन शुरू कर दिया है। टैक्सी, टेंपो व ई-रिक्शा चालकों से निर्धारित शुल्क वसूला जा रहा है। इस व्यवस्था से यातायात नियंत्रण में सुधार होगा। शहर की सुंदरता बनी रहेगी। नगर पालिका को स्थायी राजस्व भी मिलेगा। अव्यवस्थित पार्किंग से लगता था जाम पहले बालूघाट क्षेत्र में वाहनों की अव्यवस्थित पार्किंग से जाम लगता था। यात्रियों और राहगीरों को परेशानी होती थी। नगर पालिका अधिकारियों ने स्पष्ट किया है कि निर्धारित शुल्क से अधिक वसूली नहीं की जाएगी।नियमों का उल्लंघन करने पर ठेका रद्द किया जा सकता है।पालिका अध्यक्ष और अधिशासी अधिकारी के अनुसार इस पहल से यातायात व्यवस्था सुधरेगी।पालिका की आय बढ़ेगी।इस राशि का उपयोग नागरिक सुविधाओं के विकास में किया जाएगा।

# एक दिवसीय बैंक कर्मियों ने की हड़ताल

अमन लेखनी समाचार



उन्नाव।समेत देशभर में बैंकों के कार्य ठप रहे। पंजाब नेशनल बैंक सहित अन्य सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों के कर्मचारियों ने एक दिन की हड़ताल कर सरकार की आर्थिक नीतियों और निजीकरण की प्रक्रिया के खिलाफ जोरदार विरोध दर्ज कराया। यह हड़ताल ऑल इंडिया बैंक एम्प्लॉयीज एसोसिएशन (अकइएअ) और यूनाइटेड फोरम ऑफ बैंक यूनियन्स (वत्रऋइव) के आवाहन पर की गई। यूपीबीयू (व.ढ.इ.व) मंत्री, जिला उन्नाव ने बताया कि यह आंदोलन केवल बैंक कर्मचारियों की नहीं, बल्कि देश के मेहनतकश मजदूरों, किसानों, कामगारों और बेरोजगार युवाओं की आवाज को बुलंद करने के लिए किया जा रहा है। उन्होंने कहा, ₹हमारा संगठन एकजुट होकर इस सरकार की नीतियों का विरोध कर रहा है, जो श्रमिकों और आम जनता के हितों की उपेक्षा कर पूंजीपतियों को लाभ पहुंचा रही है।₹सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों और बैंकों के निजीकरण पर रोक लगाई जाए। 2. बीमा क्षेत्र में 100% एफडीआई (ऋऊक) का प्रस्ताव वापस लिया जाए।3. श्रमिक संगठनों के अधिकारों का संरक्षण किया जाए। 4. क्रोनी कैपिटलिज्म (सांठगांठ आधारित पूंजीवाद) पर लगाम लगे।दीपक तिवारी मंत्री ने कहा कि आज की सरकार धीरे-धीरे हर आर्थिक क्षेत्र में ऐसे निर्णय ले रही है, जिससे देश की संपत्ति कुछ गिने-चुने पूंजीपतियों के हाथों में सिमटती जा रही है।उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार लेबर लॉज को कमजोर कर रही है, जिससे मजदूरों और कर्मचारियों के अधिकारों का शोषण हो रहा है। बैंक कर्मचारियों का कहना है कि यह केवल आर्थिक आंदोलन नहीं, बल्कि एक सामाजिक और राष्ट्रीय चेतना का हिस्सा है।₹हम केवल अपनी नौकरियों के लिए नहीं, बल्कि आम जनता के अधिकारों और भविष्य के लिए संघर्ष कर रहे हैं,₹। आंदोलन होगा तेज हड़ताल के चलते जिले में बैंकिंग सेवाएं प्रभावित रहीं, जिससे ग्राहकों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ा। एटीएम सेवाएं भी आंशिक रूप से प्रभावित रहीं। बैंक संगठनों ने चेतावनी दी है कि यदि सरकार ने मांगें नहीं मानीं, तो आगे आंदोलन और तेज किया जाएगा।

# कंटेनर व डीसीएम की आमने सामने जोरदार भिड़ंत, दो की मौत, एक की हालत गंभीर

अमन लेखनी समाचार



सफीपुर, उन्नाव। कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत उन्नाव-हरदोई मुख्य मार्ग पर बुधवार सुबह 6 बजे एक दर्दनाक सड़क हादसा हो गया।यह हादसा ग्राम माथर के पास उस समय हुआ जब एक डीसीएम (छोटा ट्रक) और कंटेनर में भीषण टक्कर हो गई।हादसे की सूचना मिलते ही थाना सफीपुर पुलिस तत्काल घटनास्थल पर पहुंची और बचाव कार्य शुरू किया गया। हादसे में डीसीएम चालक नाजिम 26 वर्ष पुत्र छोटे निवासी ग्राम भूड़ा थाना भोजीपुरा जिला बरेली व उसके मौसी का लड़का अकरम 22 वर्ष पुत्र अकबर निवासी थाना व कस्बा फतेहगंज पश्चिम टोला जिला बरेली की मौत हो गई वही कंटेनर चालक राहुल सिंह 35 वर्ष पुत्र वकील सिंह निवासी रामा देवी जिला कानपुर नगर को गंभीर हालत में सी एच सी सफीपुर से जिला अस्पताल भेज दिया गया पुलिस ने वाहनों को किनारे कराया प्रभारी निरीक्षक सुब्रत नारायण तिवारी ने बताया कि मृतकों के शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है वहीं, परिजनों को हादसे की सूचना दे दी गई है।घटना के कारण कुछ समय के लिए मार्ग पर यातायात प्रभावित रहा, लेकिन पुलिस ने तत्काल कार्रवाई करते हुए क्षतिग्रस्त वाहनों को किनारे करवाया और यातायात व्यवस्था को सुचारू किया।प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, दोनों वाहनों की रफ्तार काफी तेज थी। संभवतः एक-दूसरे को ओवरटेक करने के प्रयास में यह हादसा हुआ। टक्कर के बाद घटनास्थल पर अफरा-तफरी मच गई और राहगीरों ने भी पुलिस को सूचना देकर घायलों की मदद की।हादसे की वजह तलाशने में जुटी प्रशासन इस हादसे ने एक बार फिर सड़क सुरक्षा और भारी वाहनों की तेज रफ्तार पर सवाल खड़े कर दिए हैं।प्रशासन द्वारा जांच की जा रही है कि दुर्घटना का कारण क्या था? ड्राइवर की लापरवाही, वाहन की तकनीकी खराबी या सड़क की स्थिति। दुर्घटना की जांच के बाद आगे की विधिक कार्रवाई की जाएगी।स्थानीय लोगों का कहना है कि इस मार्ग पर भारी वाहनों की रफ्तार और ओवरलोडिंग के कारण आए दिन हादसे होते रहते हैं। उन्होंने मांग की है कि इस मार्ग पर गति सीमा के बोर्ड लगाए जाएं।

# झमाझम हुई बारिश तापमान में आई गिरावट, गर्मी से मिली राहत

अमन लेखनी समाचार

उन्नाव।बुधवार को हुई झमाझम बारिश ने लोगों को गर्मी से राहत दी। पिछले तीन दिनों से चिलचिलाती धूप और गर्म हवाओं से परेशान लोगों के लिए यह दिन सुकून भरा रहा।सुबह से ही बादलों की आवाजाही शुरू थी।सुबह लगभग 11 बजे से तेज बारिश शुरू हुई और 30 मिनट तक बारिश हुई। शुक्लागंज और आस-पास के इलाकों में बारिश ने मौसम को सुहावना बना दिया।मौसम विभाग के अनुसार अधिकतम तापमान 30 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 25 डिग्री सेल्सियस रहा।यह पिछले दिनों से 3-4 डिग्री कम था।बारिश के दौरान हवाएं 6 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से चलीं।अचलगंज और बिचपुरी जैसे ग्रामीण क्षेत्रों में भी हल्की से मध्यम बारिश हुई।इससे खेतों को फायदा पहुंचा।बारिश के बाद बाजारों में रौनक लौट आई। लोगों ने चाय और पकौड़ों का



आनंद लिया।मौसम विभाग ने आगे और बारिश की संभावना जताई है। बंगाल की खाड़ी में बने निम्न दबाव के कारण उत्तर भारत में मानसूनी गतिविधियां तेज हुई हैं। इससे उन्नाव और आसपास के जिलों में बारिश जारी रह सकती है।

# विद्यालय बंदी व शिक्षकों की समस्याओं को लेकर शिक्षकों का विरोध तेज, मुख्यमंत्री को भेजा ज्ञापन

अमन लेखनी समाचार




उन्नाव। उत्तर प्रदेश में प्राथमिक व उच्च प्राथमिक विद्यालयों के पेयरिंग और मर्जर की प्रक्रिया को लेकर शिक्षकों में तीव्र नाराजगी है।शिक्षकों ने इस निर्णय को छात्रों के भविष्य से खिलवाड़ बताते हुए मुख्यमंत्री को ज्ञापन भेजकर इसे तत्काल प्रभाव से रोकने की मांग की है।बता दे कि जिला अध्यक्ष सुजीत पांडेय ने बताया कि शासन के निर्देश पर 150 से कम छात्र संख्या वाले प्राथमिक और 100 से कम छात्र संख्या वाले उच्च प्राथमिक विद्यालयों को बंद किया जा रहा है। इससे हजारों प्रधानाध्यापकों को सरप्लस घोषित किया गया है और हजारों रसोइयों की सेवा भी समाप्त हो जाएगी। उन्होंने बताया कि 30 जून को प्रदेश के सभी 822 ब्लॉकों में शिक्षकों, अभिभावकों और ग्राम प्रधानों की संयुक्त बैठकों में इस निर्णय का विरोध किया गया और प्रस्ताव पारित कर विद्यालय बंदी रोकने की मांग की गई।ज्ञापन में शिक्षकों की 10 प्रमुख मांगें रखी गई हैं, जिनमें 2005 के बाद नियुक्त शिक्षकों के लिए पुरानी पेंशन बहाली, विद्यालयों का मर्जर रोकना, सभी विद्यालयों में प्रधानाध्यापक की नियुक्ति, कैशलेस इलाज सुविधा, चयन वेतनमान, सभी प्रकार के अवकाश की सुविधा, ग्रीष्मकालीन सत्र में समय निर्धारण, बीएलओ ड्यूटी से मुक्ति, आकांक्षी जनपदों में स्थानांतरण और मृतक शिक्षकों के योग्य आश्रितों को नियुक्ति देकर प्रशिक्षण की सुविधा शामिल हैं। शिक्षकों का कहना है कि बार-बार ज्ञापन देने और धरना प्रदर्शन करने के बावजूद सरकार उनकी समस्याओं पर ध्यान नहीं दे रही है।अब जब विद्यालय बंद करने की प्रक्रिया शुरू हो चुकी है, तो यह न केवल शिक्षा व्यवस्था को प्रभावित करेगा, बल्कि हजारों परिवारों की आजीविका भी संकट में आ जाएगी। शिक्षकों ने चेतावनी दी है कि यदि शीघ्र सकारात्मक कदम नहीं उठाए गए, तो पूरे प्रदेश में आंदोलन तेज किया जाएगा।

# अज्ञात वाहन ने बाइक सवार युवक को मारी टक्कर, हुई मौत

अमन लेखनी समाचार



मौरावां, उन्नाव। थाना क्षेत्र अंतर्गत गुजिया गांव के पास बुधवार को एक दर्दनाक सड़क हादसे में बाइक सवार की मौके पर ही मौत हो गई। मृतक की पहचान आलोक पुत्र शिव कुमार निवासी ग्राम मौरावां के रूप में हुई है। हादसा उस वक्त हुआ जब आलोक किसी कार्य से बाइक से निकले थे, तभी गुजिया गांव के पास किसी अज्ञात वाहन ने तेज रफ्तार में उनकी बाइक को टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि आलोक ने मौके पर ही दम तोड़ दिया।घटना की सूचना मिलते ही मौरावां थाना पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेजा। पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण कर आसपास के लोगों से पूछताछ भी की। हालांकि, टक्कर मारने वाला वाहन कौन था, इसकी जानकारी फिलहाल स्पष्ट नहीं हो सकी है। पुलिस आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की मदद से वाहन की पहचान करने का प्रयास कर रही है। पोस्टमार्टम हाउस पहुंचे परिजनों ने बताया कि आलोक घर का सबसे बड़ा बेटा था और परिवार की आर्थिक जिम्मेदारियों का वहन करता था।परिजनों ने बताया किवह सुबह बाइक लेकर घर से निकला था और शाम तक जब वापस नहीं लौटा तो चिंता बढ़ गई ।पुलिस से सूचना मिलने पर जब वे पोस्टमार्टम हाउस पहुंचे तो उनकी आंखों में आंसू छलक उठे। परिवार वालों ने हादसे की निष्पक्ष जांच की मांग करते हुए अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की है। इस घटना से पूरे क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई है। ग्रामीणों ने प्रशासन से गुजारिश की है कि हादसे वाले स्थान पर स्पीड ब्रेकर और संकेतक लगाए जाएं ताकि भविष्य में इस तरह की घटनाएं रोकी जा सकें।

# पौधारोपण कार्यक्रम के तहत जगह जगह किया गया वृक्षारोपण

अमन लेखनी समाचार



असोहा, उन्नाव। बुधवार सुबह 8 बजे से शाम 5 बजे तक ब्लॉक क्षेत्र में पौधारोपण कार्यक्रम बृहद रूप से हुआ जिसमे की राजकीय महाविद्यालय , थाना परिसर , स्टेडियम गोसाइखेड़ा, साधन सहकारी समिति व नेवादा ग्राम पंचायत सहित कई स्थानों पर हुआ पौधा रोपण कार्यक्रम ।वृहद वृक्षारोपण अभियान के अंतर्गत ₹एक पेड़ मां के नाम के तहत आज स्थानीय थाने में थाना अध्यक्ष निखलेश कुमार के नेतृत्व में स्टाफ ने परिसर में नीम , आंवला , बरगद आदि पेंड लगाए ,वही राजकीय महाविद्यालय गोसाई खेड़ा में शिक्षकों, कर्मचारियों एवं छात्र-छात्राओं स्टेडियम गोसाइखेड़ा में बीओ पीआरडी व नेवादा ग्राम पंचायत के पूर्व प्रधान वेद रावत द्वारा वृक्षारोपण अभियान के तहत कुटीबीर बाबा सेवा संस्थान के अध्यक्ष संजय शुक्ल व विद्यालय की प्राचार्या प्रोफेसर दीप्ती खरे ने आम ,जामुन , आंवला , पाकर आदि के पेड़ लगाए । साधन सहकारी समिति असोहा व नेवादा ग्राम पंचायत में भाजपा नेता संजय शुक्ल व पूर्व प्रमुख राजकुमार रावत ने पौधा रोपण कर लोगो को पेंड लगाने के प्रति जागरूक किया ।लोगो को सम्बोधित करते हुए भाजपा नेता संजय शुक्ल ने कहा आज पेंडो की महत्ता समझ आ रही है , यदि हम लोग अभी नही चेते तो आने वाले समय मे इसकी कीमत हमको चुकानी पड़ेगी उन्होंने विद्यार्थियों को प्रेरित करते हुए कहा कि वन है तो जीवन है, हम प्रकृति के अंग हैं ।इस दौरान बेद प्रकाश रावत , सचिव सुरेंद्र कुमार , डॉ सुनीता रावत, डॉ पूनम चौहान, गुरु प्रसाद राठौर, डॉ ज्योति बाजपेई, प्रियंका गौड़, कीर्ति मदनानी, दीक्षा शर्मा, समीर यादव, राजेश कुमार एवं महेश कुमार सहित अन्य ग्राम वासी मौजूद रहे ।

# रेलवे क्रासिंग पर मरम्मत कार्य शुरू आवागमन हुआ बंद

अमन लेखनी समाचार

सफीपुर, उन्नाव। बालामऊ-कानपुर रेलवे रूट पर स्थित रेलवे फाटक संख्या 19सी की मरम्मत कार्य शुरू हो गया है।फाटक बुधवार सुबह 8 बजे से गुरुवार शाम 6 बजे तक बंद रहेगा। इस दौरान सभी वाहनों की आवाजाही पूरी तरह से प्रतिबंधित रहेगी। रेलपथ सेक्शन इंजीनियर जितेंद्र कुमार के अनुसार, फाटक की ओवरहालिंग भविष्य में तकनीकी खराबियों से बचने के लिए आवश्यक है।कार, ऑटो और बाइक जैसे हल्के वाहन अब्दुल्लापुर से दाराबनगर होते हुए शारदा नहर पटरी मार्ग से निकलेंगे। इस मार्ग से वाहनों को करीब दो किलोमीटर का अतिरिक्त चक्कर लगाना होगा ।वैकल्पिक मार्ग संकरा होने के कारण डंपर और ट्रक जैसे भारी वाहनों को चकलवंशी-रसूलाबाद मार्ग से जाना होगा।कोतवाल सुब्रत तिवारी ने बताया कि यातायात व्यवस्था को सुचारू बनाए रखने के लिए सफीपुर मियागंज चौराहा और कोतवाली के



पास पुलिस बल तैनात किया गया है। स्थानीय लोगों को सलाह दी गई है कि वे इस दौरान अनावश्यक यात्रा से बचें। यात्रा करने वाले मार्ग परिवर्तन की जानकारी को ध्यान में रखकर ही निकलें।

# पुलिस लाइन के परेड ग्राउंड में एस पी ने किया वृक्षारोपण

अमन लेखनी समाचार



उन्नाव। पुलिस ने वन महोत्सव के अवसर पर पुलिस लाइन के परेड ग्राउंड में एक विशेष वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया।यह कार्यक्रम 'एक पेड़ माँ के नाम 2.0' अभियान के तहत आयोजित किया गया। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण के साथ मातृ शक्ति को सम्मान देना है। कार्यक्रम में पुलिस अधीक्षक दीपक भूकर, अपर पुलिस अधीक्षक उत्तरी अखिलेश सिंह और क्षेत्राधिकारी रिजर्व प्रदीप कुमार मौर्य ने भाग लिया।प्रतिसार निरीक्षक अब्दुल रशीद, उपनिरीक्षक मोहम्मद और रिजर्व पुलिस लाइन के अन्य कर्मचारी भी मौजूद रहे ।एसपी दीपक भूकर ने कहा कि पेड़ लगाना पर्यावरणीय जिम्मेदारी के साथ-साथ मां और प्रकृति के प्रति श्रद्धा का प्रतीक है। उन्होंने बताया कि पुलिस विभाग कानून व्यवस्था के साथ सामाजिक और पर्यावरणीय जिम्मेदारियों को भी निभा रहा है। कार्यक्रम में पीपल, नीम, अमरूद, अशोक और अर्जुन के पौधे लगाए गए। इन पौधों का चयन स्थानीय जलवायु और पारिस्थितिकी को ध्यान में रखकर किया गया।यह अभियान जिले भर में विस्तारित किया जाएगा, जिससे अधिक से अधिक नागरिक इसमें भाग ले सकें।

# 25 किमी तक चला सर्च अभियान गंगा नदी में डूबी बुआ का नहीं मिला सुराग

अमन लेखनी समाचार



फतेहपुर चौरासी, उन्नाव। थाना क्षेत्र के धन्नापुरवा गांव में शबनम अपनी भतीजी के साथ गंगा नदी में नहाने गई थी.5 वर्षीय भतीजी को डूबता देख शबनम ने गंगा में छलांग लगा दी.जिसके बाद से लहरों में समाने वाली शबनम की जानकारी दूसरे दिन बुधवार को भी नहीं हो सकी।48 घंटे बाद भी गोताखोरों के हाथ खाली रहे। किशोरी के न मिलने से स्वजन ही नहीं बल्कि सर्च आपरेशन में जुटे एसडीआरएफ के जवान भी परेशान हैं ।वही गांव में शोक की लहर दौड़ गई.ना तो किसी के घर में खाना बन रहा और नाही लोग घरों में बैठे हैं सभी गांव के लोग गंगा नदी के किनारे बैठकर किशोरी के मिलने की आस लगाए बैठे हैं ।थाना क्षेत्र के धन्नापुरवा गांव निवासी शबनम मंगलवार को भतीजी के साथ नहाने गई थी.पांच वर्षीय भतीजी सुमिरन को डूबता देख छलांग दी थी.जिसके बाद से अभी तक कोई पता नहीं चल सका है ।थाना प्रभारी ज्ञानेंद्र कुमार ने बताया लगातार एसडीआरएफ और गोताखोर खोजने की कोशिश में लगे हुए है ।जल्द ही किशोरी को खोज निकलेंगे।

# एक पेड़ मां के नाम किया गया वृक्षारोपण



अमन लेखनी समाचार

सफीपुर, उन्नाव।वृहद वृक्षारोपण अभियान के अंतर्गत ₹एक पेड़ मां के नाम के तहत आज स्थानीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में चिकित्सा अधीक्षक डॉ राजेश कुमार वर्मा के नेतृत्व में स्टाफ के साथ परिसर में चांदनी गुड़हल अमला बेल के पेंड लगाए गए वृक्षारोपण कार्यक्रम में डॉ ब्रजेश कुमार सचिन दीक्षित सचिन सिंह हंसकुमार अभिजीत कुमार प्रदीप कुमार अमन कुशवाहा समेत समस्त स्टॉप मौजूद रहे वही चिकित्सा अधीक्षक ने पौधा रोपण कर लोगो को पेंड लगाने के प्रति जागरूक किया ।

# तेलिहाइन देवी मंदिर तक सड़क एवं नाली निर्माण का नगर अध्यक्ष ने किया लोकार्पण

अमन लेखनी समाचार




सफीपुर, उन्नाव। वित्तीय वर्ष 2024-25 के तहत नगर पंचायत सफीपुर में बी0एन0यू0 रोड से तेलिहाइन देवी (शीलता देवी) मंदिर तक सीसी रोड एवं नाली निर्माण कार्य का लोकार्पण नगर पंचायत अध्यक्ष ने किया इस शुभ अवसर पर नगर अध्यक्ष ने माता रानी के मंदिर प्रांगड़ में वृक्षारोपण किया इस मौके पर अधिशाषी अधिकारी समेत नगर कई गण मान्य लोग मौजूद रहे यह कार्य मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की प्रेरणा एवं मंत्री अरविंद कुमार शर्मा तथा सांसद डॉ. स्वामी सच्चिदानंद हरि साक्षी महाराज के दिशा-निर्देशन में शुरू किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ नगर पंचायत अध्यक्ष गरिमा बाजपेयी ने अपने पति सौरभ बाजपेयी (राजा बेटा) के कर कमलों द्वारा किया। परियोजना में यात्री शेड, वॉटर कूलर, हाईमास्ट लाइट, सीसी रोड, नाली निर्माण सहित कई विकास कार्य सम्मिलित हैं। नगर पंचायत सफीपुर विकास में नई ऊंचाइयों की ओर अग्रसर होता दिख रहा है इस मौके पर नगर के सभासद समेत नगर पंचायत अधिशासी अधिकारी विनीत कुमार श्रीवास्तव लिपिक होरी लाल नगर अध्यक्ष प्रतिनिधि सोनू श्रीवास्तव विनोद कुमार मिश्रा बबलू मिश्रा विकास सिंह सहित काफी संख्या मे लोग मौजूद रहे।

## सम्पादकीय

# ट्रंप से अदावत में अरबपति मस्क का राजनीतिक उदय

दोस्ती की बुनियाद अगर स्वार्थ और अहं पर टिकी हो तो इसे अदावत में बदलते देर नहीं लगती है। अमेरिका में डोनाल्ड ट्रंप और एलॉन मस्क की दोस्ती भी कुछ ऐसी ही साबित हुई है, जो अब टकराव में बदल गई है। राष्ट्रपति ट्रंप के बर्ताव व फैसले से खिन्न एलॉन मस्क सियासी पिच पर कूद गए हैं। उन्होंने अमेरिका में नई राजनीतिक पार्टी 'अमेरिका पार्टी'की घोषणा की है। मस्क ने अपनी पार्टी के उद्देश्य को लेकर कहा है कि दो-दलीय व्यवस्था को खत्म कर जनता की आवाज़ को मजबूती देना है। अमेरिका में अरबपति व्यवसायी एलॉन मस्क का यह राजनीतिक उदय है। पिछले राष्ट्रपति चुनाव में जब ट्रंप अपना राजनीतिक अभियान चला रहे थे तो मशहूर एलॉन मस्क ट्रंप के सारथी की भूमिका निभा रहे थे। ट्रंप ने अपने चुनावी कैंपेन में मस्क का भरपूर सहयोग लिया, साधन से भी और धन से भी। राष्ट्रपति बनने के बाद ट्रंप ने रिटर्न गिफ्ट के तौर पर मस्क को अमेरिकी सरकार में शामिल भी किया और सरकारी दक्षता विभाग का प्रमुख बना कर प्रशासनिक सुधार जैसी अहम जिम्मेदारी भी दी। मस्क की दिक्कत है कि वे एक अच्छे बिजनेसमैन हैं, स्टेट्समैन नहीं हैं। इसलिए उनके लिए ट्रंप के सभी फैसलों को राजनीतिक परिप्रेक्ष्य में समझना आसान नहीं है। ट्रंप के महत्वाकांक्षी बिग ब्यूटीफुल बिल पर मस्क इतने खफा हुए कि वे ट्रंप सरकार से बाहर हो गए। बहरहाल, मस्क ने नई पार्टी बना कर अमेरिकी राजनीति में एक नए विकल्प का द्वार खोल दिया है। सवाल यह भी है कि दो दलीय अमेरिकी राजनीति में क्या किसी तीसरे दल की स्वीकार्यता होगी? अमेरिका के संविधान के अनुच्छेद II, खंड 1 के मुताबिक, अमेरिका में जन्म लेने वाले नागरिक ही अमेरिका के राष्ट्रपति बन सकते हैं। मस्क ने खुद सार्वजनिक रूप से बयां की है कि उनका जन्म अमेरिका में नहीं, वरन दक्षिण अफ्रीका में हुआ है। इस नियम के अनुसार वे खुद राष्ट्रपति तो नहीं बन सकते हैं, जब तक कि संविधान में संशोधन कर इस प्रावधान में बदलाव न किया जाए। मस्क अपनी किसी पत्नी या संतान या अपने किसी चहेते को राष्ट्रपति बनवा सकते हैं और वे अपनी पार्टी के जरिये ट्रंप की पार्टी की राह जरूर मुश्किल कर सकते हैं। ट्रंप मस्क को उनकी कंपनियों की सब्सिडी बंद करने व दक्षिण अफ्रीका भेजने की धमकी भी दे चुके हैं। राजनीति की शुरुआत अगर सकारात्मक मंशा से हो तो उसका परिणाम भी अच्छा होता है, लेकिन अगर शत्रुता या बदले की भावना से हो तो अच्छे परिणाम की उम्मीद कम रहती है। यूं भी अमेरिकी राजनीतिक व्यवस्था में किसी तीसरे दल का भविष्य कभी लंबा नहीं रहा है। अनेक बार नई पार्टी सियासी मैदान में आई है, मगर केंद्रीय सत्ता का अंग नहीं बन सकी है। अमेरिकी जनमानस रिपब्लिकन और डेमोक्रेटिक पार्टी के बीच ही घूमते रहे हैं। अतीत में, लिबरटेरियन, एलायंस, ग्रीन, बुल मूस, रिफॉर्म पार्टी, सोशलिस्ट, किसान-मजदूर, विस्कॉन्सिन प्रोग्रेसिव, कंज़र्वेटिव, पॉपुलिस्ट, नेचुरल लॉ, पीस एंड फ्रीडम, अमेरिकन इंडिपेंडेंट, डिक्सीक्रेट स्टेट्स राइट्स आदि पार्टियां अस्तित्व में आईं, लेकिन कोई भी पार्टी अमेरिकी राजनीति में तीसरा विकल्प नहीं बन सकी। अब मस्क ने अमेरिकी राजनीति को बदलने के वास्ते तीसरा विकल्प बनने के लिए नई पार्टी बनाई है, यह कदम ठहरी हुई अमेरिकी राजनीति में एक कंकड़ जरूर है, लेकिन इस नए दल का राजनीतिक भविष्य अभी भविष्य के गर्त में है। मध्य टर्म और वर्ष 2028 के राष्ट्रपति चुनाव में अमेरिकन पार्टी की असली परीक्षा होगी।



राजनीति
उमेश चतुर्वेदी

# हिंदी विरोध के जरिए राष्ट्रीय मानस पर चोट

> महाराष्ट्र की धरती पर हिंदी भाषियों को अपमानित करने में राजनीति के दो चेहरे साफ नजर आ रहे हैं। एक तरफ अपमानित करने वाली शिवसेना और महाराष्ट्र नव निर्माण सेना यानी मनसे है तो दूसरी तरफ राज्य की सत्ता है। हिंदी भाषियों को अपमानित करने वाली राजनीति का मकसद हिंदी विरोध पर मराठी मानुष की अवधारणा को आगे बढ़ाते हुए अपना वोट बैंक मजबूत करना है तो दूसरी तरफ सत्ता और विपक्ष के एक हिस्से की राजनीति है, जो अपमानित करने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई इस डर से नहीं कर रही कि कहीं इससे मराठी मानुष की धारणा कमजोर ना हो जाए और उसके जरिए उसका अपना समर्थक आधार ना खिसक जाए।

इसे राजनीतिक विद्रूप ही कहेंगे कि हिंदी को राजभाषा बनाने का विचार देने वाली मराठी माटी पर ही हिंदी भाषियों को अपमानित किया जा रहा है। महाराष्ट्र की धरती पर हिंदी भाषियों को अपमानित करने में राजनीति के दो चेहरे साफ नजर आ रहे हैं। एक तरफ अपमानित करने वाली शिवसेना और महाराष्ट्र नव निर्माण सेना यानी मनसे है तो दूसरी तरफ राज्य की सत्ता है। हिंदी भाषियों को अपमानित करने वाली राजनीति का मकसद हिंदी विरोध पर मराठी मानुष की अवधारणा को आगे बढ़ाते हुए अपना वोट बैंक मजबूत करना है तो दूसरी तरफ सत्ता और विपक्ष के एक हिस्से की राजनीति है, जो अपमानित करने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई इस डर से नहीं कर रही कि कहीं इससे मराठी मानुष की धारणा कमजोर ना हो जाए और उसके जरिए उसका अपना समर्थक आधार ना खिसक जाए। राजनीति की इस चक्करघिन्नी में निम्न मध्यवर्गीय या हाशिये वाला हिंदीभाषी समुदाय ही पिस रहा है। उसका अपराध यह है कि वह महाराष्ट्र में रहते हुए मराठी ना बोलकर हिंदी बोल रहा है।

हिंदी बोलने के लिए हिंदी भाषियों को प्रताड़ित करने वाली राजनीति का अतीत भी ऐसा ही रहा है। शिवसेना का उभार पिछली सदी के साठ के आखिरी वर्षों में मुंबई में मलयालम बोलने वालों को खिलाफ आंदोलन के बाद हुआ। मनसे के कार्यकर्ता 2008-09 के दौरान तो केंद्रीय नौकरियों के लिए मुंबई में परीक्षाएं देने आए उत्तर भारतीय विशेषकर उत्तर प्रदेश-बिहार के छात्रों को खुलेआम पिटते रहे। उस समय की राज्य सरकार ने इस बदसलूकी के खिलाफ प्रभावी कदम उठाने से बचती रही थी और आज की सरकार का भी कुछ वैसा ही रवैया है। मराठी मानुष का बोध महाराष्ट्र में इतना गहरा है कि सरकारें चाहें जिस भी दल की हो, इस मसले पर तकरीबन एक जैसा रुख अपनाने से परहेज नहीं करतीं।

भारत की संपर्क भाषा और राजभाषा के रूप में हिंदी को स्थापित करने का विचार देने में महाराष्ट्र की हस्तियों का बड़ा योगदान रहा है। लोकमान्य तिलक ने बंग-भंग के वक्त 1905 में वाराणसी की यात्रा की थी। वहां उन्होंने नागरी प्रचारिणी सभा के एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जो कहा था, उसे महाराष्ट्र की हिंदी विरोधी राजनीति को जानना चाहिए। तिलक ने कहा था, 'निःसंदेह हिंदी ही देश की संपर्क और राजभाषा हो सकती है। लोकमान्य अकेले मराठी मानुष नहीं हैं, जिन्होंने हिंदी को लेकर यह विचार दिया। 1960 से पहले आज का गुजरात राज्य भी महाराष्ट्र का ही हिस्सा था। 1880 में गुजराती कवि नर्मदाशंकर दवे उर्फ नर्मद कवि ने लोकमान्य से करीब चौथाई सदी पहले हिंदी को संपर्क भाषा के रूप में आगे लाने का सुझाव दिया था। हिंदी को स्थापित करने की महात्मा गांधी की कोशिशों से भला कौन इनकार कर सकता है। 1918 में इंदौर के हिंदी साहित्य सम्मेलन को हर हिंदी प्रेमी जानता है, लेकिन बहुत कम लोगों को पता है कि गांधी जी ने 1917 में भरूच में आयोजित गुजरात शैक्षिक सम्मेलन में पहली बार सार्वजनिक तौर पर हिंदी की ताकत को स्वीकार किया था। उन्होंने कहा था, 'भारतीय भाषाओं में केवल हिन्दी ही एक ऐसी भाषा है जिसे राष्ट्रभाषा के रूप में अपनाया जा सकता है।' हिंदी के प्रचार को राष्ट्रीय कार्यक्रम मानने वाले काका कालेलकर भी मराठी भाषी



ही थे। सतारा में जन्मे कालेलकर ने 1938 में कहा था, 'राष्ट्रभाषा प्रचार हमारा राष्ट्रीय कर्म है।' रचनात्मक आंदोलनकारी और गांधी जी के शिष्य विनोबा भी ताजिंदगी हिंदी के संघर्षरत रहे। उन्होंने हर भारतीय भाषा को एक-दूसरे के करीब लाने के लिए अनूठा सुझाव दिया था। उन्होंने हर भाषा से नागरी लिपि अपनाने का सुझाव दिया था। सिर्फ राजनीति ही नहीं, पत्रकारिता जगत की मराठी भाषी हस्तियों ने भी हिंदी को स्थापित करने में रचनात्मक भूमिका निभाई है और साहस दिखाया है। हिंदी पत्रकारिता आज जिस मुकाम पर है, उसमें बड़ा योगदान मराठी भाषी पत्रकारों और लेखकों का भी है। माधव राव सप्रे, बाबूराव विष्णुराव पराड़कर, रामकृष्ण खाडिलकर, लक्ष्मण नारायण गर्दे जैसे पत्रकारों ने हिंदी को नई शैली में गढ़ा, उसके शब्द गढ़े, और उसे ऊंचाई दी। हिंदी इन मराठी भाषी महात्मनों की शुक्रगुजार है। महाराष्ट्र की राजधानी मुंबई से निकले धर्मयुग ने दशकों तक हिंदीभाषी पाठकों के दिलों पर राज किया। ऐसे महाराष्ट्र की धरती पर अगर हिंदी बोलने वालों का अपमान होना दुखद ही कहा जाएगा। हिंदी विरोध की ग्रंथि तमिलनाडु में आजादी के पहले से ही रही है, जिसका संक्रमण कर्नाटक तक पहुंचा है। कर्नाटक रक्षण वेदिके ने 2017 में हिंदी बेड़ा अभियान यानी हिंदी विरोधी अभियान चलाया। साल 2019 में हिंदी दिवस न मनाने के लिए भी राज्य में अभियान चला। शुरू में इन विरोध प्रदर्शनों को बड़ा समर्थन नहीं मिला। राजनीति और मीडिया के हलकों में इसकी सुरसुरी दिखी। ऐसे आंदोलनों का असर बाद में पता चलता है। जब विरोध की वैचारिकी के असर में जमीनी स्तर की सोच बदलने लगती है। एक राष्ट्रीयकृत बैंक की स्थानीय शाखा के प्रबंधक से जबरदस्ती हिंदी बोलने के लिए हुज्जत करने का दृश्य हो या फिर किसी ऑटो वाले का किसी हिंदी भाषी लड़की को थप्पड़ मारना, कर्नाटक में हिंदी विरोधी आंदोलन की जमीनी परिणति ही कहा जाएगा। निजाम का शासन कर्नाटक के उत्तरी हिस्से में रहा। दिल्ली सल्तनत के बादशाह मोहम्मद तुगलक ने 1327 ईस्वी में दिल्ली से महाराष्ट्र के दौलताबाद में अपनी राजधानी लेकर गया था, जिसे आज का महाराष्ट्र देवगिरि के नाम से जानता है। उसके साथ भी हिंदी वहां तक पहुंची थी। महाराष्ट्र का विदर्भ इलाका राज्य पुनर्गठन से पहले मध्य प्रांत और बरार का हिस्सा रहा। इस वजह से विदर्भ भी मोटे तौर पर हिंदी के प्रभाव वाला राज्य है। शायद यही वजह रहा कि महाराष्ट्र में हिंदी को लेकर विवाद नहीं रहा। विवाद की वजह अब मनसे और शिवसेना की राजनीति बनी है। इसका कारण नई शिक्षा नीति का वह प्रावधान है, जिसके तहत प्राथमिक स्तर पर भारतीय भाषायों के जरिए शिक्षा देने का प्रावधान है। जब प्राथमिक स्तर पर हिंदी में पढ़ाई कराने का आदेश आया तो राज्य की राजनीति में अपनी जगह खोज रहे शिवसेना-उद्धव और मनसे को हिंदी विरोध में ही अपना भविष्य नजर आया। एकनाथ शिंदे के अलग होने के बाद से शिवसेना-उद्धव भी परेशान है और शिवसेना से अलग होने के बाद से मनसे प्रमुख राज ठाकरे अपना राजनीतिक वजूद की खोज में हैं। दिलचस्प यह भी है कि अतीत में सत्ता और उत्तराधिकार के चलते अलग राह चुनने वाले दोनों चचेरे भाई उद्धव और राज एक कश्ती पर सवार होने की तैयारी में हैं और उसके लिए उन्होंने हिंदी विरोध की नाव तैयार की है। हिंदी को संपर्क भाषा इसलिए स्वीकार किया गया, क्योंकि वह देश को जोड़ने की कुव्वत रखती है। जबकि आज की राजनीति अपनी स्थानीय भाषाओं के नाम पर जिस भावना को फैला रही है, उससे देश का मानस बंटेगा..मानस बंटेगा तो देश में विघटन की प्रक्रिया को बढ़ावा मिल सकता है। राजनीति चाहे जिस पक्ष की हो, उसे इस नजरिए से हिंदी के विरोध को देखना होगा।

जाति का मुद्दा
डॉ. चन्द्र त्रिखा



# सनातन की मर्यादा को तोड़ते कथावाचक विवाद

किसी भी विषय को लेकर विवादों का सिलसिला धीरे-धीरे हमारे देश में 'राष्ट्रीय हॉबी' बनता जा रहा है। कई बार ऐसा भी लगता है कि देश के कुछ मीडिया-संस्थान व कुछ 'बैठे ठाले' नेतागण, विवादों का उत्पादन करने में ही व्यस्त रहते हैं। 'विवादों' के सिलसिले धीरे-धीरे एक धंधा बनते जा रहे हैं। नया विवाद कथावाचन पर है। इन दिनों 'कथावाचन' ज्ञान-प्राप्ति का साधन मात्र नहीं रहा। कुछेक कथावाचकों का तो शुल्क ही 12 लाख से 20 लाख रुपये तक तय है। मगर इस शुल्क के साथ जाति का सवाल पहले नहीं था। चलिए थोड़ा सा कथावाचन की परंपरा पर भी दृष्टि डाल लेते हैं। पौराणिक कथाओं के अनुसार भारतीय परिवेश में महर्षि वेद व्यास पहले कथावाचक थे। उन्हें ही महाभारत और श्रीमद्भागवत का रचनाकार माना जाता है। मान्यता यही है कि संसार में सबसे पहले गणेश जी ने कथा सुनी थी और उसे लिपिबद्ध भी किया था। उन्हें ब्रह्माजी के आदेश पर महर्षि वेद व्यास ने कथा सुनाई थी। वैसे पौराणिक कला में ऋषि-मुनि अपने आश्रमों में या वनों में अपने शिष्यों को कथा सुनाते थे। तब कथा का उद्देश्य 'लोक कल्याण' होता था। उसके लिए ऋषि-मुनि कोई शुल्क भी नहीं लेते थे। अब कथावाचन 'इवेंट मैनेजमेंट' का एक विषय है। भव्य मंडप सजते हैं। कथावाचकों के शुल्क इन 'इवेंट्स' के बजट का मुख्य भाग होते हैं। इस समय पूर्व राजनीतिज्ञ कुमार विश्वास सबसे महंगे कथावाचक माने जाते हैं। अन्य चर्चित एवं महंगे कथावाचकों में स्वामी अवधेशानन्द जी, बागेश्वर-धाम के बाबा धीरेंद्र कुमार शास्त्री, पंडित देवकीनंदन कुमार, आचार्य अनिरुद्धाचार्य, मोरारी बापू, भोले बाबा उर्फ नारायण साकार, जया किशोरी, बाबा रामदेव, देवी चित्रलेखा, आदि का नाम शामिल है। अब थोड़ी चर्चा 'व्यास पीठ' के बारे में भी। यह पीठ उत्तरप्रदेश के सीतापुर जिले में नैमिषारण्य तीर्थ पर स्थित है। यहीं पर महर्षि वेद व्यास ने महाभारत की रचना की थी। वहीं व्यास को समर्पित एक मंदिर भी है। हाल ही का विवाद कथावाचकों की जाति को लेकर आरंभ हुआ है। इस समय में इटावा के कथावाचकों के मामले में उत्पन्न विवाद मीडिया में भी और राजनीतिक दलों में भी चर्चा एवं आरोपों-प्रत्यारोपों तक जा पहुंचा है। इटावा में यादव जाति से आने वाले आचार्य मुकुट मणि यादव और संत सिंह यादव का आरोप है कि उनके ब्राह्मण यजमान ने जाति के आधार पर उनसे मारपीट की। तब से यह बहस जारी है कि कथावाचन का अधिकार किसे है। काशी की विद्वत परिषद सरीखी संस्था का कहना है कि भागवत कथा सुनने, सुनाने का अधिकार सभी हिन्दुओं को है, जबकि इन दिनों खबरों में छाए शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती का कहना है कि 'सभी जातियों को कथा सुनाने का अधिकार केवल ब्राह्मणों के पास है मगर किसी भी जाति का व्यक्ति अपनी जाति के लोगों को भागवत कथा सुना सकता है।' अब इस विवाद में समाजवादी पार्टी के नेतागण भी सक्रिय हो गए हैं। राजनीति की रोटियां सेंकने की तैयारी भी पूर्ण है। कुछेक कथावाचक यादव हैं तो कुछेक दलित भी। अधिक छानबीन चली तो हो सकता है एकाध मुस्लिम भी नाम बदलकर इस सूची में शामिल दिखे। मगर यह तो तय है कि कभी कांवड़-यात्रा को लेकर तो कभी धर्म-परिवर्तन को लेकर विवादों के बवंडर उठते रहते हैं। अगले चुनावों में इनमें से कुछ कथावाचकों को चुनाव-प्रचार में उतारने की योजनाएं भी चल रही हैं। कोई बड़ी बात नहीं कि कुछेक कथावाचकों को चुनावी मैदान में प्रत्याशी के रूप में भी उतार दिया जाए। वैसे यह तथ्य भी कम दिलचस्प नहीं कि कुछ कथावाचकों के अपने इलेक्ट्रॉनिक चैनल भी हैं। उन चैनलों पर कथावाचन के लिए प्रायोजक भी मिल जाते हैं और विज्ञापनदाता भी। कुछेक धार्मिक चैनलों को तो कुछ राज्य सरकारें भी संरक्षण व प्रोत्साहन देती हैं। ऐसा भी नहीं कि कथावाचन की परंपरा केवल सनातन धर्म तक ही सीमित है। इस सूची में सभी पंथों के धर्माचार्य शामिल हैं। जैन धर्म, बुद्ध धर्म, ब्रह्मकुमारी विश्वविद्यालय, योग, ज्योतिष, तंत्र विद्या आदि से जुड़े कथावाचक भी हैं। पहले पहल साहित्य. कविगोष्ठी, कवि-सम्मेलन आदि के कार्यक्रम एवं 'स्लॉट' भी चले थे

## प्रसन्नता बन जाए परमात्मा



संकलित
**दर्शन**

व्यक्ति का चित्त प्रसन्न रहे तो परमात्मा के दर्शन हो जाएं। यह प्रसन्नता ही परमात्मा बन जाए। मगर आज के भागदौड़ भरे और तनाव के दौर में यह प्रसन्नता आए कैसे? तमाम लोग पैसा कमाने की भागदौड़ में लगे हैं। कोई भी ग्रंथ हो, धर्म हो, अध्यात्म हो, पैसा कमाने के लिए मना नहीं करता, लेकिन धन कमाते हुए भी यदि प्रसन्नता नहीं है तो कहीं पर ठहर कर कुछ विचार तो करना ही चाहिए। कथाओं में एक बात मैं अक्सर कहता रहता हूं। हमारे ग्रंथों में अपनी कुल आय का दशांश निकालने पर बल दिया गया। दशांश यानी जो भी आप महीने में कमा रहे हैं, उसका दस प्रतिशत हिस्सा समाज के लिए, जरूरतमंद लोगों के लिए खर्च किया जाना चाहिए। आप दो लाख रुपये कमा रहे हैं तो 20 हजार निकाल दें। आपको लगता है कि 20 हज़ार ज्यादा हैं, आप नहीं निकाल पाएंगे तो एक लाख ही कमाएं। फिर दस हजार ही निकालने होंगे। आपाधापी में लोग प्रसन्न रहना तो जैसे भूलते जा रहे हैं। अध्यात्म में प्रसन्न रहने का बहुत महत्व बताया गया है। हर व्यक्ति को प्रसन्न रहना चाहिए, क्योंकि प्रसन्नता परमात्मा तक पहुंचने का द्वार है। हमें प्रसन्न रहते हुए स्वयं की खोज करनी चाहिए। हम दूसरों को ढूंढ़ने और उनमें कमियां व खूबियाँ खोजने में लगे रहते हैं। एक नजर हमें खुद पर भी डालनी चाहिए। व्यक्ति स्वयं की खोज करें, समाज की सेवा करे और परमात्मा से प्रेम करे, उसका भजन करें, आज के समय में प्रसन्न रहने के लिए यह पर्याप्त है। बहुत ज्यादा साधनों में उलझने की आवश्यकता नहीं है।


## गुरु की कृपा से असंभव काम पूरे हो पाते हैं



संकलित
**प्रेरणा**

महाभारत और श्रीमद् भागवद् कथा के रचियता महर्षि वेदव्यास भगवान विष्णु के अवतार माने गए हैं। इनका पूरा नाम कृष्णद्वैपायन था। इन्होंने ही वेदों का संपादन किया। इसलिए इनका नाम वेदव्यास पड़ा। इनके पिता महर्षि पाराशर और माता सत्यवती थीं। पैल, जैमिन, वैशम्पायन, सुमन्तु मुनि, रोमहर्षण आदि महर्षि वेदव्यास के महान शिष्य थे। एक बार महर्षि वेदव्यास हस्तिनापुर गए। उस समय गांधारी और धृतराष्ट्र ने उनकी बहुत सेवा की थी। उनकी सेवा से प्रसन्न होकर महर्षि ने सौ पुत्रों की माता होने का वरदान गांधारी को दिया था। कुछ समय बाद जब गांधारी गर्भवती हुईं। जब संतान के जन्म का समय आया तो संतान की जगह एक मांस पिंड प्रकट हुआ। जब ये बात वेदव्यास जी को मालूम हुई तो वे तुरंत गांधारी के पास पहुंचे। वेद व्यास जी ने अपनी विद्या से उस मांस पिंड से सौ पुत्र बना दिए। गुरु की कृपा से गांधारी सौ पुत्रों की माता बन गई। महर्षि के आशीर्वाद से ही गांधारी को सौ पुत्र हुए जो आगे जाकर कौरव कहलाए। जिनके सेनापति दुर्योधन हुए। महाभारत के युद्ध में दुर्योधन ने ही कौरव सेना की कमान संभाली थी। गुरु की कृपा हो जाती है तो असंभव काम भी पूरा हो जाता है। इसी लिए हम गुरु की आराधना सच्चे मन से करनी चाहिए ताकि उसका फल हमें मिले। कहा गया है की बिना गुरु ज्ञान अधूरा है। गुरु ही हमारा विपत्ति के समय मार्ग दर्शन करते हैं।

## अंतर्मन




### आज की पाती

**मिलावट : मुंह में नहीं, जमीर में घुला जहर**

मिलावट अब केवल खाने-पीने तक सीमित नहीं रही, यह हमारे सोच, संबंध और व्यवस्था तक में घुल चुकी है। मूंगफली में पत्थर हो या दूध में डिटर्जेंट, यह मुनाफाखोरी की संस्कृति का विस्तार है। उपभोक्ता की चुप्पी, सरकार की ढील और समाज की 'चलता है' मानसिकता ने इसे स्वीकार्य बना दिया है। मिलावट एक नैतिक संकट है, जो धीरे-धीरे शरीर ही नहीं, आत्मा को भी बीमार कर रहा है। जब तक ईमानदारी को समर्थन और सच्चाई को स्पेस नहीं मिलेगा, तब तक हर दाना शक के दायरे में रहेगा और हर निवाला जहर जैसा लगेगा। आज जो सबसे बड़ी मिलावट हो रही है, वह हमारी सोच, जमीर और व्यवस्था में हो रही है। हर उत्पाद के साथ-साथ संवेदनाएं, ईमानदारी व नैतिकता भी प्रदूषित हो रही हैं।

*- प्रतीक केशरवानी, भाटापारा*

## करंट अफेयर

### राफेल की बिक्री प्रभावित करने चीन ने किए प्रयास

चीन ने मई में भारत और पाकिस्तान के बीच सैन्य संघर्ष के बाद फ्रांस निर्मित राफेल लड़ाकू विमानों के प्रदर्शन के बारे में भ्रम की स्थिति पैदा करने की जिम्मेदारी अपने दूतावासों को दी थी, ताकि इस विमान की प्रतिष्ठा और बिक्री को नुकसान पहुंचाया जा सके। फ्रांसीसी सैन्य और खुफिया अधिकारियों ने यह निष्कर्ष निकाला है। एसोसिएटेड प्रेस द्वारा देखी गई फ्रांसीसी खुफिया सेवा की रिपोर्ट के अनुसार, चीन के दूतावासों में रक्षा अधिकारियों (डिफेंस अताशे) ने राफेल की बिक्री को प्रभावित करने के लिए अभियान चलाया, जिसका उद्देश्य उन देशों को राजी करना था, जिन्होंने पहले से ही फ्रांस निर्मित लड़ाकू विमान का ऑर्डर दे दिया है



## ऑफ बीट

### ऑनलाइन बातचीत में भावनाओं को पहचान सकता है एआई

जब हम किसी दूसरे व्यक्ति को ईमेल या सोशल मीडिया पर कुछ लिखते हैं तो हम सीधे तौर पर कुछ नहीं कहते, लेकिन हमारे शब्द एक छिपे हुए अर्थ को व्यक्त कर सकते हैं। हम अक्सर यह भी उम्मीद करते हैं कि ये भावनाएं पाठकों तक पहुंच जायेंगी। लेकिन क्या होगा यदि दूसरी तरफ कोई कृत्रिम मेधा (एआई) प्रणाली हो, न कि कोई व्यक्ति? क्या एआई हमारे मूलपाठ में छिपे अर्थ को समझ सकता है? और अगर ऐसा है, तो इसका हमारे लिए क्या मतलब है? विषय-वस्तु विश्लेषण अध्ययन का एक क्षेत्र है जो पाठ में अंतर्निहित गहरे अर्थों और भावनाओं को उजागर करने से संबंधित है।



## ट्रेंड

### हार्दिक शुभकामनाएं

मैं 1.4 अरब भारतीयों के साथ मिलकर परम पावन दलाई लामा को उनके 90वें जन्मदिन पर हार्दिक शुभकामनाएं देता हूं। उनके संदेश ने सभी धर्मों के लोगों में सम्मान और प्रशंसा को प्रेरित किया है। हम उनके निरंतर अच्छे स्वास्थ्य और दीर्घायु की कामना करते हैं।

-नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री



### जयंती पर श्रद्धांजलि

एक देश में दो विधान, दो प्रधान, दो निशान, नहीं चलेंगे...यह अखंड भारत के लिए अविराम तप करने वाले महापुरुष डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जीवन-प्रतिज्ञा थी। भारतीय जनसंघ के संस्थापक अध्यक्ष,श्रद्धेय डॉ. मुखर्जी को उनकी जयंती पर श्रद्धांजलि!

-योगी आदित्यनाथ, सीएम, उप्र



### मतदान का अधिकार

निर्वाचन आयोग के सहयोग से भाजपा ने बिहार में करोड़ों लोगों के मतदान का अधिकार छीनने का जो 'मास्टर प्लॉन' बनाया था, उसमें अब भाजपा खुद फंसती नजर आ रही है।

-मल्लिकार्जुन खरगे, कांग्रेस अध्यक्ष



### ध्वस्त कानून व्यवस्था

बिहार की ध्वस्त कानून व्यवस्था व बेलगाम भ्रष्टाचार पर भी अगर किसी को ग़ुस्सा नहीं आ रहा तो समझो उस इंसान का न्यायिक चरित्र एवं मानवीय संवेदना मर चुकी है। जात-धर्म के नाम पर सरकार की विफलता व जनभावनाओं को नजरअंदाज करना बिहार और बिहारियों के लिए घातक है।

-तेजस्वी यादव, राजद नेता



## संक्षेप

### चौकी के निकट ए.सी के पाइप चोरी

**जेलचुंगी क्षेत्र में चोरों ने 6 दुकानों को बनाया निशाना, पुलिस गश्त पर उठे सवाल**

मेरठ, पुलिस देर रात तक सड़क पर हैं। इसके बावजूद चोरी की वारदात हो रही हैं। ताजा मामला जेलचुंगी क्षेत्र का सामने आया है, जहां चोर छह दुकानों में लगे एसी के कॉपर पाइप चोरी कर ले गए। जेलचुंगी के निकट जिन छह दुकानों में यह चोरी हुई है, वहां एक तरफ सिविल लाइन तो दूसरी तरफ मेडिकल थाना लगता है। महज 100 कदम की दूरी पर एक पुलिस चौकी है। इसके बावजूद चोर एसी की कॉपर पाइप काटकर ले गए और पुलिस को भनक तक नहीं लगी। यहां हृदेश त्यागी की मोहिनी शूज, सुरजीत की दीप मोबाइल, राजीव की आशीष ज्वैलर्स से कॉपर पाइप चोरी हुए हैं जो मेडिकल थाना क्षेत्र में स्थित हैं। एक दुकान राजेश यादव की है जो सिविल लाइन क्षेत्र में आती है। इसके अलावा सुनील रस्तौगी के अरविंद स्टोर और पास ही एक आवास से केबल चोरी किया गया है। एक साथ कई चोरियों की सूचना पाकर लोग एकत्र हो गए। वह भाजपा नेता आशीष अग्रवाल के नेतृत्व में जेलचुंगी चौकी आ गए और पुलिस से सवाल किए। उन्होंने कहा कि पूरा शहर अलर्ट पर है। फिर कैसे चोरी हो रही हैं। इस दौरान चौकी प्रभारी देवेंद्र मिश्रा से उनकी नोकझोंक तक हो गई।

### कांवड़ यात्रा मार्ग पर दुकानों को लेकर महामंडलेश्वर की मांग

**लहसुन-प्याज का प्रयोग रोकने, प्रतिष्ठानों पर नेम प्लेट लगाने की अपील**

मेरठ, सिद्ध पीठ संकट मोचन हनुमान श्री बालाजी एवं शनि शक्तिपीठ शनि धाम मंदिर के महामंडलेश्वर शनि पीठाधीश्वर महंत महेंद्र दास महाराज ने जिला प्रशासन से महत्वपूर्ण मांग की है। उन्होंने नगर मजिस्ट्रेट नवीन श्रीवास्तव को ज्ञापन सौंपा। महामंडलेश्वर ने कहा कि बाबा औघड़नाथ मंदिर एक प्रमुख पीठ मंदिर है। सावन महीने में लाखों श्रद्धालु यहां आस्था का जल लेकर आते हैं। मंदिर मार्ग पर कई प्रमुख मंदिर स्थित हैं। इनमें हनुमान श्री बालाजी मंदिर, शनि धाम मंदिर, मां शाकुंभरी देवी मंदिर और अन्य शामिल हैं। मंदिर मार्ग पर स्थित खाद्य प्रतिष्ठानों में लहसुन-प्याज के प्रयोग से धार्मिक भावनाएं आहत होने की बात कही गई है। महामंडलेश्वर ने मांग की है कि सभी दुकानों पर नेम प्लेट लगाई जाएं।

### छत पर बैठी महिला पर बंदरों का हमला

**चेहरे, हाथ और पैरों में कई जगह गंभीर घाव, मेरठ के अस्पताल में भर्ती**

बागपत, निरपुड़ा गांव में एक महिला को बंदरों के झुंड ने घायल कर दिया। घटना उस समय हुई जब तारावती नाम की महिला अपने मकान की छत पर बैठी थी। उनकी बेटी अंजू अपने बच्चों के साथ आंगन में थी। इसी दौरान छह-सात बंदर आंगन में आ गए। तारावती ने जब बंदरों को भगाने का प्रयास किया तो उन्होंने हमला कर दिया। बंदरों ने तारावती के चेहरे, हाथ और पैरों पर कई जगह काट लिया। बेटी अंजू जब मां को बचाने आई तो बंदर उसकी तरफ भी दौड़े। अंजू तुरंत अपने बच्चों के साथ कमरे में जाकर दरवाजा बंद कर लिया।

# छाता में खेत के बंटवारे को लेकर चलीं गोलियां, भतीजे ने चाचा को उतारा मौत के घाट

## खेत में मेढ़ काटने को लेकर हुआ विवाद

अमन लेखनी समाचार



मथुरा। छाता लाडपुर गांव में आज सुबह पांच बीघा जमीन को लेकर दो भाइयों के बीच चले आ रहे विवाद में खून संघर्ष का रूप ले लिया जिसमें एक पक्ष के आधा दर्जन लोगों ने दूसरे पक्ष पर जमकर फायरिंग की। इसमें एक व्यक्ति की मौत हो गई और चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई। एसपी देहात का कहना है कि आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए कई टीमें लगाई गई हैं जल्द ही इन्हें पकड़ लिया जाएगा। मिली जानकारी के अनुसार लगभग नौ बजे पदम सिंह (42) पुत्र इंदो सिंह अपने भाई तुलाराम, महेंद्र, राजाराम और कल्लू व पत्नी कमलेश के साथ खेत की मेढबंदी के लिए जा रहा था तभी वहां पर पहले से मौजूद मानसिंह के बेटे शेरन और उनके साथियों ने उन पर गोलीबारी शुरू कर दी, जिससे आसपास के क्षेत्र में हड़-कंप मच गया। चारों भाई और पत्नी खून से लतपथ होकर खेत में ही तड़फने लगे। बाद में मौके पर पहुंचे ग्रामीणों ने उन्हें इलाज के लिए प्राथमिक स्वास्थ केंद्र पहुंचवाया। यहां से उनको गंभीर अवस्था में जिला अस्पताल भेजा गया। यहां डाक्टर ने पदम सिंह को मृत घोषित कर दिया वहीं उनकी पत्नी सहित तीन भाइयों की दशा गभीर बनी हुई है। इन्हे उपचार के लिए आगरा ले जाने की सलाह दी गई हस्वास्थ विभाग की अनदेखी के चलते ग्रामीण अंचल के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र किसी भी दुर्घटना अथवा फौजदारी के मामले में कारगर साबित नहीं हो रहे आज लाडपुर में हुई घटना के बाद जब एक महिला सहित पांच लोगों को उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र छाता पहुंचाया गया तो वहां उनके उपचार की कोई व्यवस्था नही थी जिससे ग्रामीण आक्रोशित हो गए और उन्होंने अस्पतालग्रामीण राजकुमार का कहना था कि दो घंटे तक घायलों को उपचार के लिए जिला अस्पताल ले जाने के लिए एम्बुलेंस की भी व्यवस्था नहीं थी। कई बार एम्बुलेंस सुविधा 108 पर संपर्क किया गया लेकिन एम्बुलेंस उपलब्ध नहीं हुई जिसके कारण हुई देरी से पदम सिंह की मौत हो गई। ग्रामीणों का कहना था कि समय से इलाज मिलता तो पदम सिंह की जान बचाई जा सकती थी। इस संबंध में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र से प्रभारी चिकित्साधिकारी का कहना था कि यह एम्बुलेंस 108 का सीधा संपर्क लखनऊ मुख्यालय से रहता है इसके लिए उन्हें दोषी ठहराना गलत है। घायलों को लाए जाने के बाद अस्पताल में उनकी चिकित्सा शुरू कर दी गई थी। लेकिन हालत अधिक गंभीर होने के कारण उन्हें रेफर किया गया।

### पांच बीघा खेत के बंटवारे के बाद ही हत्या

पांच बीघा जमीन को लेकर इंदो सिंह और मान सिंह के बीच काफी समय से झगड़ा चला आ रहा था और पिछले दिनों दोनों भाइयों के बीच ढाई-ढाई बीघा खेत की जमीन का बटवारा हो गया था। इंदो सिंह के बेटे पदम, महेंद्र, राजाराम और कल्लू अपने हिस्से की खेत पर मेड़बंदी कर रहे थे। तभी मान सिंह के बेटों ने उन पर हमला बोला जिसमें इंदो के बड़े बेटे पदम की जान चली गई।

# वन महोत्सव के रूप में एक पेड़ माँ के नाम अभियान के अंतर्गत वृक्षारोपण कार्यक्रम संपन्न

अमन लेखनी समाचार



मथुरा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा आहूत एक पेड़ माँ के नाम अभियान के अंतर्गत बुधवार को भारतीय जनता पार्टी महानगर होली गेट मंडल में वन महोत्सव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम स्थल तुलसी बन, मोक्षधाम के पीछे भाजपाजनों और समाजसेवियों की सहभागिता से हरियाली से सराबोर हो उठा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भाजपा महानगर अध्यक्ष हरिशंकर राजू यादव ने वृक्षारोपण कर अभियान की शुरूआत की। उन्होंने कहा कि माँ के नाम एक वृक्ष लगाकर हम पर्यावरण संरक्षण और मातृ वंदन दोनों भावों को एक साथ जीवंत कर रहे हैं। यह अभियान जनजागरूकता और प्रकृति से जुड़ाव का संदेश दे रहा है। कार्यक्रम का संयोजन वार्ड संख्या 58 की पार्षद नीलम गुर्जर ने किया। उन्होंने उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए कहा, वृक्षारोपण केवल औपचारिकता नहीं, यह भावनात्मक जुड़ाव है। हम चाहते हैं कि हर नागरिक एक वृक्ष अपनी माता के नाम पर अवश्य लगाए। कार्यक्रम का मीडिया समन्वय भाजपा मीडिया प्रभारी श्याम शर्मा द्वारा किया गया, जिन्होंने अभियान के उद्देश्य और संदेश को जनसंचार माध्यमों तक पहुँचाने की भूमिका निभाई। अंत में पार्षद नीलम गुर्जर ने सभी अतिथियों और नागरिकों का आभार व्यक्त करते हुए कहा एक पेड़ आपके हाथों से भी लगे यही हमारी सच्ची कामना है। वृक्षों की सेवा, माँ की सेवा के समान है। आइए इस हरियाली संकल्प में सहभागी बनें। इस अवसर पर महानगर मंत्री कुंज बिहारी चतुर्वेदी, हेमंत खंडोली, नेहा पाठक, लोकेश तायल, बनवारी लाल अग्रवाल, कृष्णमणि सूबेदार ,अवधेश अग्रवाल, ललित अग्रवाल, राजीव अग्रवाल, अमित अग्रवाल, नितिन चतुर्वेदी, सागर यादव, प्रीति अग्रवाल, मेघ श्याम महौर, राजेश महौर, संजय कश्यप, किशोरी बघेल एवं कंचन निषाद सहित अनेक कार्यकर्ता उपस्थित रहे.

# ग्रह क्लेश में पंखे से झूलकर दंपत्ति ने की आत्महत्या

## बच्चों की चीख-पुकार से मचा घर में कोहराम

अमन लेखनी समाचार

मथुरा। फरह बुधवार सुबह गांव मिजापुर ठाकरान गांव में दिल दहला देने वाली घटना सामने आई। घरेलू कलह के चलते पति-पत्नी ने एक ही कमरे में लगे पंखे से साड़ी के सहारे फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना के वक्त उनके मासूम बच्चे भी घर में मौजूद थे। माता-पिता को फंदे पर झूलता देख बच्चों की चीख-पुकार मच गई। हृदयविदारक घटना के बाद से पूरे गांव में शोक की लहर है। मिली जानकारी के अनुसार फरह के गांव मिजापुर ठाकरान में रहने वाले अर्जुन (31) की शादी आठ साल पूर्व फरह के ही गांव सनौरा की रहने वालीसीमा (28) से हुई थी। दंपती के सात वर्षीय बेटा और पांच वर्षीय बेटी है। अर्जुन ग्वालियर की किसी प्राईवेट कंपनी में काम करता था। कल ही वह अपने गांव आया था। बताते हैं कि सुबह करीब नौ बजे किसी बात को लेकर दोनों पति-पत्नी के बीच कहासुनी हो गई। इसके बाद दोनों ने एक ही पंखे से साड़ी बांधकर यह आत्मघाती कदम उठा लिया। घटना के दौरान मौजूद बच्चों ने माता-पिता को फांसी के फंदे पर झूलता देख शोर मचाया तो परिवार के लोग मौके की ओर दौड़ लिये। घटना की जानकारी मिलते ही ग्रामीण मौके पर पहुंच गए। पुलिस टीम ने तत्काल मौके पर पहुंचकर दोनों शवों को नीचे उतारा और पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। इस दर्दनाक घटना से गांव में मातम पसर गया है। स्वजन का कहना है कि अर्जुन और सीमा के बीच कभी कोई बड़ा विवाद नहीं था, जिससे यह आत्मघाती कदम चौंकाने वाला है। परिवार के सभी सदस्य स्तब्ध और गहरे सदमे में हैं। फरह थाना प्रभारी त्रिलोकी सिंह ने बताया कि प्रथम दृष्टया मामला घरेलू विवाद का प्रतीत होता है, लेकिन आत्महत्या के पीछे की वास्तविक वजह जानने के लिए जांच

# वात्सल्य ग्राम में आयोजित हुआ छात्र परिषद अलंकरण समारोह

अमन लेखनी समाचार /अमन मिश्रा



मथुरा। वात्सल्य ग्राम स्थित कृष्णा ब्रह्मरतन विद्या मंदिर में वात्सल्य मूर्ति पद्म भूषण विभूषित साध्वी ऋतंभरा के नेतृत्व में छात्र परिषद अलंकरण समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें छात्राओं ने भारतीय मूल्यों पर आधारित सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दिन। साध्वी ऋतंभरा ने छात्रों को उपाधियां वितरण करते हुए शैलेंदरी वार्ष्णेय को हेड गर्ल, गौरव बघेल को हेड बॉय, काजल ठाकुर को कल्चर, भूमिका सिंह को अनुशासन, हनी थापड़ को स्पोर्ट, गौरी को आकाश हाउस कैप्टन, सुनीता को पृथ्वी हाउस कैप्टन, अंजू को जल हाउस कैप्टन, भूमि को अग्नि हाउस कैप्टन, भूमिका को वायु का हाउस कैप्टन के दायित्वों से अलंकृत किया। साध्वी ऋतंभरा ने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि बच्चे गमले के पौधे नहीं वल्कि वह धरती पर स्थापित वह पौधे हैं जिन्हें उनके माता-पिता ने परिश्रम के पसीने से खींचा है। कोई व्यक्ति साधनों से बड़ा नहीं बनता, धनवान माता-पिता के बच्चे धन का दुरुपयोग करते हैं किंतु जो अभावग्रस्त होते हैं वह परिश्रमी होते हैं और परिश्रम करने से उनका स्वास्थ्य भी ठीक रहता है वह लक्ष्य को भी प्राप्त करते हैं। व्यक्ति कोई धन से अमीर नहीं होता यदि आप स्वस्थ हैं आनंदित हैं और अपने कर्तव्य के प्रति प्रतिबद्ध हैं तो आप अमीर हैं। ₹आमीर वह अमीर क्या जिसका दिल फकीर ना हो-फकीर वह फकीर क्या जिसका दिल आमीर ना हो₹ बच्चों के पांच तत्व पर आधारित कार्यक्रम की सराहना करते हुए उन्होंने कहा कि छात्र जीवन ही संस्कार सृजन करने का समय शहोता है आज का छात्र ही कल का नागरिक बनेगा। इसलिए छात्रों को संस्कारवान बनाकर उनके अंदर राष्ट्रभक्ति की भावना को जागना चाहिए क्योंकि छात्र ही देश का भविष्य. होता है। मुख्य अतिथि के रूप में पधारे पूर्व आईजी,एच.के. शर्मा जी ने कहा कि इस अनुशासित संस्कृतिक प्रस्तुति के लिए सभी बच्चे बधाई के पात्र हैं जिस लग्न के साथ विद्यार्थियों ने इस आयोजन में भाग लिया है इसी लग्न के साथ पदाधिकारी छात्रों को अपने दायित्व का निर्वहन करना चाहिए। कार्यक्रम में संजय भईया, स्वामी सत्य शील, राजेश कुमार पाण्डेय, साध्वी बहिनों की उपस्थिति रही संचालन पूजा श्रीवास्तव ने किया अंत में प्रधानार्या सीमा शर्मा ने आभार व्यक्त किया।

# एक पेड़ मां के नाम छात्राओं ने किया वृक्षारोपण




अमन लेखनी समाचार

मथुरा। अमर नाथ गर्ल्स डिग्री कॉलेज, की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा आयोजित एक पेड़ मां के नाम कार्यक्रम के अंतर्गत छात्रा स्वयंसेवको ने पर्यावरण को स्वच्छ बनाने के लिए पौधारोपण किया। कार्यक्रम से पूर्व महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ अनिल कुमार वाजपेई ने छात्राओं को वृक्षारोपण का महत्व बताते हुए कहा की मां की स्मृति में वृक्ष लगाना बहुत सुंदर योजना है और छात्राएं न केवल वृक्ष लगाए अपितु जैसे मां से प्यार करते हैं वैसे ही वृक्ष से प्यार कर के उसकी सेवा करें। पौधारोपण के अंतर्गत छात्राओं ने इमली, बेल, बबूल, नीम, पीपल, शीशम, नींबू आदि के पौधे लगाए। वृक्षारोपण कार्यक्रम का संयोजन परियोजना अधिकारी डॉ निर्मल वर्मा एवं नूतन देहर ने किया। दामोदर घोष, महेंद्र राजपूत ने संपूर्ण व्यवस्था की

# फर्जी महिला प्रोफाइल से युवक से 4.70 लाख की ठगी

- नोएडा पुलिस ने दो आरोपियों को किया गिरफ्तार, मोबाइल और बाइक बरामद

अमन लेखनी समाचार




गौतम बुद्ध नगर, ग्रेटर नोएडा में सोशल मीडिया पर फर्जी महिला प्रोफाइल बनाकर ठगी करने वाले दो आरोपियों को सूरजपुर पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपियों के पास से दो मोबाइल फोन और एक पल्सर मोटरसाइकिल बरामद की गई है। पीड़ित ने सूरजपुर थाने में शिकायत दर्ज कराई थी। आरोपियों ने फेसबुक, इंस्टाग्राम और व्हाट्सएप पर मानसी, संजू और नंदनी नाम से फर्जी प्रोफाइल बनाए। उन्होंने खुद को अविवाहित लड़कियां बताकर शादी का प्रस्ताव रखा। आरोपियों ने मेडिकल इमरजेंसी, पारिवारिक संकट और शादी की तैयारी जैसे बहाने बनाकर पीड़ित से 4.50 लाख रुपये ठग लिए। जब पीड़ित ने शादी के लिए जोर दिया, तो आरोपियों ने खुद को कथित लड़कियों का भाई बताया। उन्होंने पीड़ित को जेल भिजवाने की धमकी दी और गाली-गलौज करते हुए 20 हजार रुपये और ऐंठ लिए। पुलिस ने तकनीकी साक्ष्य और इलेक्ट्रॉनिक निगरानी की मदद से अमित उर्फ आरव और मोहम्मद रिजवान को गिरफ्तार किया। मामले में आईटी एक्ट सहित कई धाराओं के तहत केस दर्ज किया गया है।

# महिला से ठगे 12.75 लाख

## निवेश में मुनाफा का दिया था झांसा, वॉट्सऐप ग्रुप से जोड़कर की ठगी

अमन लेखनी समाचार



नोएडा, शेयर ट्रेडिंग कर पांच से तीस प्रतिशत तक मुनाफा कमाने का झांसा देकर साइबर जालसाजों ने एक महिला के साथ 12 लाख 75 हजार रुपए की ठगी कर ली। इस मामले में महिला ने तथाकथित श्रुति सिंधवानी के खिलाफ साइबर क्राइम थाने में केस दर्ज कराया है। जिन खातों में ठगी की रकम ट्रांसफर हुई है, पुलिस उन खातों की जानकारी जुटा रही है। सेक्टर-28 के यमुना एन्क्लेव में रहने वाली रजिता कूपर ने पुलिस से शिकायत की। उन्होंने बताया- मैंने 25 अप्रैल को डिमैट और ट्रेडिंग अकाउंट खोले थे। मैं इस प्लेटफॉर्म पर नई थी। मैं छोटे-छोटे कारोबार में ट्रेडिंग कर रही थी। कुछ दिन बाद सोशल मीडिया के जरिए एक व्यक्ति ने संपर्क किया। और मुझे ट्रेडिंग के बारे में काफी जानकारी दी। उसने कहा- शेयर ट्रेडिंग कर रोजाना अच्छा मुनाफा कमाया जा सकता है। मैंने उसकी बातों को दरकिनार कर दिया लेकिन उसने मुझे एक वॉट्सऐप ग्रुप पर जोड़ दिया। ग्रुप पर ऐसी कंपनियों के बारे में जानकारी साझा की जा रही थी, जहां निवेश करने या ट्रेडिंग करने पर मुनाफा होता है। महिला को आखिर ठग ने ट्रेडिंग के लिए राजी कर लिया। इसके बाद उसे एक अन्य ग्रुप में जोड़ा गया। इसमें एक व्यक्ति जो खुद को प्रोफेसर बताता था वह निवेश संबंधी प्रशिक्षण देने लगा। यह सिलसिला कई दिन तक चला। ग्रुप में कथित प्रोफेसर द्वारा बताया जाता था कि अगर उसकी बताई गई कंपनी में निवेश किया गया तो मुनाफा पक्का होगा। इसके पीछे का कारण उसने कुछ नामी कंपनियों से सीक्रेट टाईअप होना बताया। ग्रुप के लोग मुनाफे का स्क्रीनशॉट लगातार साझा कर रहे थे। आखिर में झांसे में आने के बाद महिला ने कई बार में 12 लाख 75 हजार रुपए ट्रेडिंग में मुनाफा कमाने के चक्कर में ट्रांसफर कर दिए। इसके लिए महिला के पति ने भी सहमति दी थी।

जब महिला पर और रकम ट्रांसफर करने का दबाव बनाया जाने लगा तब उसे ठगी की आशंका हुई। पैसे वापस मांगने पर ठगों ने महिला से संपर्क तोड़ लिया। जिन नंबरों से महिला को संपर्क किया गया था उनमें से कुछ अब बंद आ रहे हैं।

# दनकौर से यमुना एक्सप्रेसवे मार्ग पर जलभराव

## गड्ढों में फंस रहे वाहन, स्थानीय लोगों ने दी आंदोलन की चेतावनी



अमन लेखनी समाचार

जेवर, ग्रेटर नोएडा के दनकौर कस्बे से यमुना एक्सप्रेसवे को जोड़ने वाले बाईपास रोड पर जलभराव ने लोगों की मुश्किलें बढ़ा दी हैं। इस मार्ग पर वाहनों की आवाजाही अधिक रहती है बारिश के बाद सड़क पर जमा पानी में कई वाहन फंस गए। इन्हें बाहर निकालने में काफी मशक्कत करनी पड़ी। स्थानीय निवासी हरेंद्र कसाना, ओमवीर और दिनेश जुनेदपुर का कहना है कि सड़क की स्थिति पिछले कई वर्षों से खराब है। नगर पंचायत और प्राधिकरण के बीच जिम्मेदारी को लेकर टालमटोल जारी है। नगर पंचायत के अधिकारी इसे प्राधिकरण का मामला बताकर टाल देते हैं। प्राधिकरण भी कोई कार्रवाई नहीं कर रहा है। स्थानीय लोगों ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द ही समस्या का समाधान नहीं किया गया तो वे संबंधित विभाग के खिलाफ धरना प्रदर्शन करेंगे।

# प्लूटो होटल में लगी भीषण आग

## दमकल की 11 गाड़ियों ने 2 घंटे में पाया आग पर काबू, सारा सामान जलकर खाक

अमन लेखनी समाचार



गाजियाबाद, साहिबाबाद स्थित प्लूटो होटल में आग लग गई। किचन, स्टोर, एलिवेशन इस आग में जल गए। आग से भारी नुकसान हुआ है। जहां दमकल की एक दर्जन गाड़ियों ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। हालांकि अभी आग लगने के कारणों का पता नहीं चल सका है। पुलिस और फायर ब्रिगेड के अधिकारी जांच कर रहे हैं। गाजियाबाद के साहिबाबाद क्षेत्र स्थित प्लूटो होटल में सुबह भीषण आग लगने की सूचना से हड़कंप मच गया। आग लगने की जानकारी मिलते ही फायर स्टेशन साहिबाबाद की टीम तत्काल मौके के लिए रवाना हुई। उस समय फायर ब्रिगेड की गाड़ियां साईट-4 साहिबाबाद में एक पेपर फैक्ट्री में लगी आग पर मौजूद थीं। सीएफओ राहुल पाल के निर्देश पर वहां मौजूद अग्निशमन अधिकारी कोतवाली और वैशाली के द्वितीय अधिकारी के साथ कुल 7 फायर टेंडर यूनिट घटनास्थल के लिए भेजी गईं। मौके पर पहुंचने के बाद देखा गया कि आग होटल की छत पर बने किचन, स्टोर रूम और एलिवेशन में तेजी से फैल चुकी थी। चारों तरफ काले धुएं का गुबार फैल गया था और आग की लपटें काफी तेज थीं। दूर-दूर से आग लपट दिख रही थी। आग बुझाने के लिए फायर टीम को कई चुनौतियों का सामना करना पड़ा। होटल की संरचना और पर्याप्त रास्ता न होने के कारण फायर फाइटिंग में दिक्कत आई। ऐसे में फायर यूनिट ने लंबी होज लाइन फैलाकर होटल के पीछे की ओर बनी एक दूसरी बिल्डिंग की सीढ़ियों से आग बुझाने का कार्य शुरू किया। वहीं दूसरी यूनिट ने होटल के सामने वाले हिस्से से आग पर काबू पाने की कोशिश की। करीब 2 घंटे की मशक्कत के बाद फायर ब्रिगेड की टीम ने आग पर पूरी तरह काबू पा लिया। राहत की बात यह रही कि इस घटना में कोई जनहानि नहीं हुई।

# प्राधिकरण पर सैकड़ों किसानों ने किया प्रदर्शन

- पंचायत कर तय होगी रणनीति, भ्रष्ट अधिकारियों को सस्पेंड करने की मांग

अमन लेखनी समाचार



नोएडा, नोएडा प्राधिकरण पर भारतीय किसान परिषद के तत्वाधान में सैकड़ों की संख्या में किसानों ने प्रदर्शन किया। इस मौके पर पुलिस ने बेरिकेडिंग लगाकर किसानों पर रोकने की कोशिश। भारतीय किसान परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष वीर खलीफा ने कहा कि प्राधिकरण के साथ यहीं पर ही वार्ता की जाएगी इसके बाद पंचायत करेंगे। जिसमें आगे की रणनीति तैयार की जाएगी। भारतीय किसान परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुखवीर खलीफा ने प्राधिकरण पर आरोप लगाया कि वो आबादी की जमीन पर बने मकानों को अवैध निर्माण बताकर तोड़ रही है। हाल ही में एक किसान की आबादी के मकान को ध्वस्त किया गया। इसलिए क्योंकि किसान ने प्राधिकरण के एक अधिकारी की ओर से मांगे गए पैसे नहीं दिए। सुखवीर खलीफा ने इसका एक वीडियो बनाकर वायरल भी किया था। इसके अलावा 10 प्रतिशत आबादी के प्लाट, 64.7 प्रतिशत की दर से मुआवजा , आबादी जैसी है वैसी छोड़ी जाए आदि मांगों को लेकर प्राधिकरण का स्टेटस रिपोर्ट क्या है उस पर बातचीत की जाएगी। साथ ही हाईपावर कमेटी की सिफारिशों को कब तक लागू किया जाएगा इस पर बातचीत की जाएगी। प्रदर्शन में सैकड़ों की संख्या में किसानों के रहने की उम्मीद है। ऐसे में प्राधिकरण परिसर के अलावा बाहर भारी पुलिस बल की तैनात किया जाएगा। बता दे इससे पहले भी किसान लगातार प्राधिकरण पर प्रदर्शन करते रहे है। वहीं शनिवार को किसानों ने औद्योगिक विकास मंत्री से भी बातचीत की थी। जिसमें उनको मांगों को लेकर आश्वासन मिल चुका है। सुखवीर खलीफा ने कहा कि प्राधिकरण की ये तानाशाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। साथ ही भ्रष्ट अधिकारी को सस्पेंड करने की मांग की जाएगी।

## भगवान श्रीकृष्ण के जन्मोत्सव की झांकी निकली, भाव विभोर हुए भक्तगण

अमन लेखनी समाचार

सोनभद्र। रॉबर्ट्सगंज ब्लॉक अंतर्गत ग्राम पंचायत पेटराही के सिंधौरा गोरारी गांव में स्थित संत श्री कामेश्वर जी शिक्षा एवं जन विकास सेवा आश्रम में चल रहे श्री मद्भागवत कथा के पांचवें दिन सोमवार को भगवान श्री कृष्ण के जन्मोत्सव की झांकी निकाली गई। इस दौरान हाथी घोड़ा पालकी, जय कन्हैया लाल की के जयकारे से समूचा कथा स्थल गुंजायमान हो गया। भगवान श्री कृष्ण का दर्शन करने का तांता लगा रहा, वहीं कथा का रसपान कर भक्त भाव विभोर हो गए। श्री मद्भागवत महापुराण सप्ताह ज्ञान यज्ञ के पंचम दिवस के अवसर पर परम-श्रद्धेय अरुण कृष्ण शास्त्री जी महाराज ने परब्रह्म भगवान-श्री कृष्ण के पावन बाललीला एवं पूतना मोक्ष , भगवान के माखन चोरी की लीला, व्रजरज का महत्व , ब्रह्मादिक देवताओं का मान मर्दन एवं कालीयमर्दन के पावन प्रसंगों का सुन्दरतम् कथा के द्वारा समस्त श्रोता समुदाय को भागवतीय सरिता में सराबोर किया।

## तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने बाइक सवार को मारी टक्कर, युवक घायल



अमन लेखनी समाचार

सरोजनीनगर, लखनऊ। सरोजनी नगर में मंगलवार रात तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने एक बाइक में जोरदार ठोकर मार दी। जिससे बाइक सवार युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे लोक बंधु अस्पताल में भर्ती कराया गया है। बंथरा के धावापुर में रहने वाला अभिषेक सिंह (30) मंगलवार रात करीब 9 बजे बाइक से सरोजनी नगर में शांति नगर कॉलोनी से निकलकर अपने घर जा रहा था। तभी सेंट थॉमस स्कूल के पास कानपुर रोड पर मुड़ते ही पीछे से आ रहा है किसी अज्ञात वाहन ने उसे जोरदार ठोकर मार दी। जिससे अभिषेक बुरी तरह घायल हो गया। सूचना के बाद पहुंची पुलिस ने उसे आनन फानन एंबुलेंस से सरोजनी नगर सीएचसी पहुंचाया। लेकिन उसकी हालत अधिक गंभीर होने के कारण चिकित्सकों ने उसे लोक बंधु अस्पताल रेफर कर दिया। जहां उसकी हालत नाजुक बताई जा रही है। उधर घटना के बाद पुलिस ने घायल अभिषेक के परिजनों को सूचना दे दी है।

# कार और बाइक में हुई भीषण भिड़ंत, बाइक सवार तीन गंभीर रूप से घायल

अमन लेखनी समाचार



ककरबई, झांसी। ककरबई गरौठा मार्ग पर कार एवं बाइक में आमने-सामने भीषण टक्कर हो गई जिससे बाइक सवार तीन लोग घायल हो गए। घटना बुधवार दोपहर करीब 3:00 बजे की है। ककरबई गरौठा मार्ग पर हीरानगर एवं कचीर के मध्य मोटरसाइकिल प्लैटिना नंबर यूपी 93 सीएच 1635 जिसे ककरबई निवासी पूरन पुत्र रघुवर चल रहा था। उसके पीछे उसके ससुर देवकरन निवासी सरीला थाना जरिया जिला हमीरपुर एवं जयशंकर बैठे हुए थे।बाइक सवार जैसे ही कचीर स्टैंड से थोड़ा आगे मोड पर पहुंचे तभी गरौठा की ओर से आ रही ईऑन कार और मोटरसाइकिल में आमने-सामने भीषण भिडंत हो गई। टक्कर लगने से बाइक सवार मोटरसाइकिल सहित सड़क से दूर जा गिरे। बाइक सवारों में बाइक चालक पूरन को मामूली चोटे आई है जबकि बाइक पर पीछे बैठे हुए देवकरन एवं जयशंकर बुरी तरह से गंभीर रूप से घायल हो गए। दोनों के एक-एक पैर बुरी तरह से टूट गए और उनके घुटनों से पैरों की हड्डियां बाहर निकल आई। राहगीरो द्वारा 108 एम्बुलेंस तथा ककरवई थाना पुलिस को सूचना दी गई। थाना से प्रभारी इंचार्ज विजयशंकर मिश्रा पुलिस बल के साथ घटना स्थल पर पहुंचे। घायल काफी देर तक मौके पर पड़े रहे लेकिन एंबुलेंस नहीं पहुंची। प्राइवेट गाड़ी द्वारा घायलों को इलाज हेतु मेडिकल कॉलेज झांसी ले जाया गया। पुलिस ने दोनों वाहनों को कब्जे मे लिया है।

## मुख्यमंत्री को दिया भगवान श्री झूलेलाल चालीसा महोत्सव कार्यक्रम का आमंत्रण



अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। श्री भगवान झूलेलाल मंदिर सेवा ट्रस्ट संस्थापक अध्यक्ष शशांक गुरनानी ट्रस्टी एवं क्षेत्रीय उपाध्यक्ष भाजपा युवा मोर्चा कानपुर बुंदेलखंड क्षेत्र की ओर से मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश योगी आदित्यनाथ महाराज को पूज्य सिंधी पंचायत सीपरी बाजार द्वारा हो रहे झूलेलाल चालीसा महोत्सव में मुख्य अतिथि के तौर पर आमंत्रित किया। क्षेत्रीय उपाध्यक्ष श्री गुरनानी ने बताया कि उन्होंने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी से आग्रह भी किया कि वह अपने पांच कालिदास मार्ग पर भी 40 दिन की ज्योति प्रदलित कराये एवं बैराना साहिब भी बनाये जाये और ज्योति की सेवा कर 40 वे दिन दरिया नदी मे ज्योति को विसर्जित कर दिया जाये यह ज्योति एकता एवं अखंडता का संदेश देगी जिससे पूरे उत्तर प्रदेश के सिंधी समाज के सभी लोगों को एकत्रित होने का संदेश देगी। आमंत्रण देने में समाज के प्रतिनिधिमंडल पूज्य सिंधी पंचायत के कोषाध्यक्ष गौरव गुरनानी, सचिव हेमंत लाल, उपाध्यक्ष अजय दासानी, मोंटी सेंगर पूर्व जिला महामंत्री युवा मोर्चा भाजपा ने प्रस्ताव देने में सहमति प्रदान की।

खास समाचार

## पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में समस्त थानों पर गठित मिशन शक्ति टीम/एण्टीरोमियो टीम द्वारा महिलाओं/बालिकाओं को किया गया जागरूक

अमन लेखनी समाचार

सोनभद्र। उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान व स्वावलम्बन हेतु चलाए जा रहे ह्लमिशन शक्ति फेज-5.0ह्व के तहत आज दिनांक 08.07.2025 को पुलिस अधीक्षक सोनभद्र अशोक कुमार मीणा के निर्देशन में जनपद के सभी थानों पर गठित मिशन शक्ति टीम/एण्टीरोमियो टीम व महिला पुलिस कर्मियों द्वारा अपने-अपने थाना क्षेत्र में प्रमुख बाजारों, कस्बा,चौराहों, स्कूलों/कॉलेजों, धार्मिक स्थलों तथा अन्य महत्वपूर्ण स्थानों महिलाओं की सुरक्षा और सशक्तिकरण स्वावलंबन हेतु चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं जैसे मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, निराश्रित महिला पेंशन योजना, राष्ट्रीय पोषण योजना, मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना, बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ, प्रधानमंत्री उज्जवला योजना, आयुष्मान योजना, सुरक्षित मातृत्व आश्वासन सुमन योजना, महिला शक्ति केन्द्र योजना, कन्या सुमंगला योजना आदि तथा सहायतार्थ उपलब्ध कराये गये विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों वीमेन पावर लाइन 1090, पुलिस आपातकालीन सेवा-112 इमरजेन्सी कॉल/पैनिक बटन-मोबाइल पर डेमो, सी०एम० हेल्प लाइन 1076, स्वास्थ्य सेवा हेल्प लाइन-102, एम्बुलेंस सेवा-108, महिला हेल्प लाईन-181, साईबर क्राईम हेल्प लाईन 1930 आदि के बारे मे पंपलेट बांटकर जागरूक किया गया।

## गाजीपुर में गरीब पशुपालकों को मिलेगी बकरी सरकार देगी 54 हजार रुपए की सहायता

अमन लेखनी समाचार

गाजीपुर के मुख्य पशु चिकित्साधिकारी डॉ. अरविन्द कुमार शाही ने अनुसूचित जाति के भूमिहीन और गरीब पशुपालकों के लिए बकरी पालन योजना की घोषणा की है ।जनपद में 10 बकरी इकाइयां स्थापित की जाएंगी। प्रत्येक इकाई में एक नर और पांच मादा बकरियां शामिल होंगी।एक इकाई की कुल लागत 60,000 रुपये निर्धारित की गई है। राज्य सरकार 90 प्रतिशत यानी 54,000 रुपये की सहायता प्रदान करेगी। लाभार्थी को मात्र 6,000 रुपये का योगदान करना होगा ।योजना में नर बकरे की कीमत 10,000 रुपये और मादा बकरी की कीमत 9,000 रुपये तय की गई है ।सरकारी अनुदान से बकरियों की खरीद, बीमा, चिकित्सा और परिवहन का खर्च किया जाएगा ।योजना के लिए आवेदक की आयु 18 वर्ष से अधिक होनी चाहिए। आवेदक जनपद का निवासी और बेरोजगार पशुपालक होना आवश्यक है ।बकरियों के लिए उचित स्थान की व्यवस्था होनी चाहिए।विधवा और निराश्रित महिलाओं को चयन में प्राथमिकता दी जाएगी। दिव्यांगजनों के लिए 3 प्रतिशत आरक्षण का प्रावधान है ।इच्छुक लोग नजदीकी पशु चिकित्सालय या विकास भवन स्थित मुख्य पशु चिकित्साधिकारी कार्यालय में आवेदन कर सकते हैं। आवेदन की अंतिम तिथि 10 अगस्त 2025 है।

## गाजीपुर में किसानों की खेती में बाधा करंडा में झुका बिजली का खम्भा

अमन लेखनी समाचार

गाजीपुर के करंडा क्षेत्र में मेदनीपुर मार्ग पर एक सप्ताह से झुका बिजली का खंबा किसानों के लिए परेशानी का कारण बन गया है। खंबा किसानों के खेत के पास स्थित है। इससे खेती कार्य प्रभावित हो रहा है ।स्थानीय किसान इस स्थिति से चिंतित हैं। बिजली विभाग की ओर से अभी तक कोई कार्रवाई नहीं की गई है। नाराज ग्रामीणों ने चेतावनी दी है। उन्होंने कहा कि अगर समस्या का जल्द समाधान नहीं हुआ तो वे करंडा पावर हाउस का घेराव करेंगे ।बिजली विभाग के एसडीओ से संपर्क का प्रयास किया गया। लेकिन उनका फोन नहीं लगा।

## खलिहान और खेल मैदान पर कब्जे की शिकायत, रोकने गए ग्रामीण के घायल होने का आरोप

अमन लेखनी समाचार

अमेठी। जहाँ एक ओर प्रदेश सरकार द्वारा अवैध कब्जों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जा रही है, वहीं जनपद अमेठी के भेंटुआ ब्लॉक अंतर्गत ग्राम पंचायत गैरिकपुर के परशुरामपुर गांव में खलिहान (गाटा संख्या 84) एवं खेल मैदान (गाटा संख्या 81) पर कब्जे को लेकर विवाद की स्थिति उत्पन्न हो गई है। गांव के ही निवासी आनंद तिवारी पुत्र सूर्यभान तिवारी ने आरोप लगाया है कि जब उन्होंने उक्त भूमि पर हो रहे निर्माण कार्य पर आपत्ति जताई, तो कुछ लोगों द्वारा उन पर धारदार हथियार से हमला कर दिया गया, जिससे उन्हें एवं पवन विकास को चोटें आईं। इस संबंध में पीड़ित पक्ष द्वारा थाना पीपरपुर में तहरीर दी गई है। स्थानीय ग्रामीणों का कहना है कि इस भूमि को लेकर पहले भी शिकायत की गई थी, जिस पर राजस्व विभाग की टीम द्वारा स्थलीय निरीक्षण कर भूमि चिन्हांकन किया गया था। ग्रामीणों के अनुसार निरीक्षण के दौरान उक्त भूमि पर अतिक्रमण की स्थिति पाई गई थी और धारा 122बी के अंतर्गत कार्रवाई की प्रक्रिया शुरू की गई थी। ग्रामीणों का यह भी कहना है कि उक्त मामले में 29 मई 2025 को राजस्व निरीक्षक रामाज्ञा यादव, लेखपाल पंकज गुप्ता और पुलिस बल की उपस्थिति में पुनः निरीक्षण हुआ था, जिसमें कथित अतिक्रमण की पुष्टि हुई और संबंधित व्यक्तियों को मौखिक व लिखित निर्देश भी दिए गए थे। हालाँकि, ग्रामीणों का आरोप है कि उसके बाद भी निर्माण कार्य जारी रहा, जिससे नाराज होकर लोगों ने डायल 112 पर सूचना दी। साथ ही, ग्रामीणों ने यह भी आरोप लगाया है कि अब तक प्रभावी कार्रवाई नहीं हो पाई है, जिससे वे असंतुष्ट हैं। कुछ ग्रामीणों ने यह आशंका भी व्यक्त की है कि मामले में संबंधित कर्मचारियों की भूमिका निष्पक्ष नहीं रही, और उन्होंने जिलाधिकारी अमेठी से निष्पक्ष जांच कर उचित कार्रवाई की मांग की है। ग्रामीणों का कहना है कि यदि शीघ्र उचित कार्रवाई नहीं होती, तो वे मुख्यमंत्री कार्यालय तक अपनी शिकायत पहुँचाने को बाध्य होंगे।

# 10 जुलाई को होगा बाबा भूतेश्वर दरबार में अध्यक्ष पद का चुनाव

### निवर्तमान अध्यक्ष सहित कुल 6 प्रत्याशी होंगे आमने-सामने

अमन लेखनी समाचार

ओबरा/ सोनभद्र। बाबा भूतेश्वर दरबार महारुद्र सेवा समिति ओबरा 25 वर्षों से संचालित है समय-समय पर इसका चुनाव मनोनीत द्वारा होते रहे जिसे भी बाबा भूतेश्वर दरबार महा रूद्र सेवा समिति का अध्यक्ष पद दिया जाता है वह मंदिर में तमाम पर्व पर होने वाले कार्यक्रमों को अध्यक्ष अपनी टीम द्वारा पूर्ण कराता है कुछ वर्षों से संस्था के नियमों में परिवर्तन किया गया की जो भी अध्यक्ष के रूप में आएगा उसका कार्यकाल 2 साल का ही रहेगा उसके पश्चात उसे उस पद को त्याग कर संस्था के साथ जुड़कर कार्य करना पड़ेगा। इसी क्रम में 25 जून को संस्था के प्रबंधक द्वारा तत्काल प्रभाव से लिखित रूप में समाचार पत्रों के माध्यम से समिति को भंग कर दिया गया। क्योंकि वैसे भी समिति के अध्यक्ष का कार्यकाल खत्म होते ही समिति अपने आप भंग हो जाती है ऐसी स्थिति में प्रबंधक रामआश्रय बिंद द्वारा अगले को कार्यभार सौंपने से पहले प्रबंधक की देखरेख में रहता है यह नियम में लागू है। आपको बताते चलें की आगामी 10 जुलाई को होने वाले अध्यक्ष पद के चुनाव को लेकर पांच प्रत्याशियों का नाम संस्था के प्रबंधक के पास आया है। जिसमें मनीष कुमार पाण्डेय, मनोज कुमार सोनी, धर्मेंद्र कुमार यादव, रणजीत तिवारी, अजीत कुमार सिंह अध्यक्ष पद के प्रत्याशी इस तरह पांच प्रत्याशियों का नाम आज दिनांक 9 जुलाई को घोषित किया जाता है। वे अपने-अपने समर्थन के साथ 10 जुलाई को उपस्थित रहेंगे। वर्तमान में अध्यक्ष पद पर रह चुके विकास कुमार तिवारी भी पुनः दोबारा इस चुनाव में अध्यक्ष पद के प्रत्याशी के रूप में है। 10 जुलाई को बाबा भूतेश्वर दरबार के प्रांगण में गुरु पूर्णिमा बड़े ही भव्यता के साथ मनाया जाएगा जिसमें भव्य भंडारे का आयोजन है उसमें आप सम्मिलित होकर पुण्य के भागीदार बने। बाबा भूतेश्वर दरबार के समस्त कार्यकर्ता समस्त सती सेवक की उपस्थिति अनिवार्य है क्योंकि 10 जुलाई को 2 से 4 पक्ष विपक्ष के दोनों तरफ से चुनकर चुनाव अधिकारी के रूप में रखा जाएगा, जिसकी देखरेख में यह चुनाव संपन्न होगा, गुप्त वोट देने की व्यवस्था की जाएगी। जो भी इस गुप्त ओट से चुनकर आएगा उसे ही समिति का अध्यक्ष घोषित किया जाएगा। और सभी कार्यकर्ता सभी सती सेवक हर तरह का मनमुटाव को छोड़कर उस अध्यक्ष का सम्मान करेंगे। ताकि एक दूसरे में एकजुटता लोगों की बरकरार रहे किसी को किसी तरह का मनमुटाव ना हो एकजुट होकर मंदिर के विकास के बारे में सोचें।

## मोहर्रम जुलूस के तीन दंगाई गिरफ्तार

अमन लेखनी समाचार

नसीराबाद, रायबरेली। स्थानीय थाना क्षेत्र नसीराबाद के गांव पुर अंडी मजरे कुढ़ा में बिना अनुमति के गैर जनपद से मोहर्रम का जुलूस आने और आपत्तिजनक नारे लगाते हुए भानु प्रताप तिवारी के भट्टे पर कई वाहनों में तोड़फोड़ करने वाले मामले में तीन अभियुक्तों को पुलिस ने गिरफ्तार करके जेल भेज दिया। इनमें से एक अभियुक्त साजिद पहले से नामजद था शेष दो के नाम जांच के दौरान वादी मुकदमा भानु प्रताप तिवारी उर्फ पुत्र स्वर्गीय शारदा प्रसाद तिवारी और अमित शुक्ल पुत्र अंबिका प्रसाद शुक्ला से मिली जानकारी से प्रकाश में आए थे। मुखबिर की सटीक सूचना के आधार पर तत्काल कार्यवाही करते हुए उप निरीक्षक सोनू पटेल ने मय हमराहियों के वांछित अभियुक्त फूल बाबू पुत्र लाल बहादुर उर्फ लाला उम्र 26 साल, मजीद पुत्र ननकऊ उम्र 30 साल निवासी गण पूरे फाजिल थाना गौरी गंज जनपद अमेठी और लाल बाबू पुत्र अब्दुल रशीद आयु 35 वर्ष निवासी पूरे धनई मजरे डीघा थाना नसीराबाद को पूरे अंडी और कुढ़ा के बीच से गिरफ्तार कर लिया और विधिक कार्यवाही करते हुए न्यायिक अभिरक्षा में भेज दिया।

# पौधरोपण अभियान को जन आन्दोलन अभियान बनाये- मण्डलायुक्त / नोडल अधिकारी

**पौधरोपण अभियान को सफल बनाने हेतु सभी विभागाध्यक्ष निर्धारित लक्ष्य के अनुरूप कराये वृक्षारोपण–मण्डलायुक्त/नोडल अधिकारी।**

अमन लेखनी समाचार

सोनभद्र। नोडल अधिकारी/ मण्डलायुक्त, मण्डल मीरजापुर/ वृक्षारोपण बाल कृष्ण त्रिपाठी ने कलेक्ट्रेट सभागार में वृक्षारोपण अभियान की तैयारियों की जिला वृक्षा रोपण समिति की बैठक की, बैठक में मण्डलायुक्त ने उपस्थित अधिकारियों को सम्बोधित करते हुए कहा कि वृक्षारोपण महाभियान के अन्तर्गत प्रदेश में 37 करोड़ पौधरोपण का लक्ष्य निर्धारित किया गया है, जिसके क्रम में जनपद सोनभद्र में 1 करोड़ 54 लाख 18 हजार 618 पौध रोपण का लक्ष्य निर्धारित किया गया है, लक्ष्य के अनुरूप सभी 26 राजकीय विभाग पौधों के उठान का कार्य आज रात तक अनिवार्य रूप से कर लें, इस अभियान में जनप्रतिनिधिगण एवं जनपदवासियों की भी सहभागिता सुनिश्चित करायी जाये, उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री जी के मंशा के अनुरूप वृक्षारोपण महाभियान को जन आन्दोलन का रूप देते हुए लोगों को अधिक से अधिक वृक्षारोपण करने हेतु प्रेरित किया जाये, जिससे कि जनपद में वृक्षारोपण अभियान को महाभियान रूप दिया जा सके, इस दौरान जिलाधिकारी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी एवं मुख्यमंत्री योगी आदित्य नाथ जी के निर्देशन में एक पेड़ मॉ के नाम अभियान के अन्तर्गत अधिक से अधिक संख्या में जनपदवासियों अपनी भागीदारी निभाते हुए पौधरोपण करें, जिलाधिकारी ने जनपदवासियों से अपील की है, इस दौरान जिलाधिकारी ने सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि है वृक्षारोपण अभियान में जनप्रतिनिधिगण की भागीदारी सुनिश्चित करते हुए ग्राम वन, बाल वन, शक्ति वन, युवा वन, मित्र वन, आक्सी वन, एकलव्य वन, गोपाल वन तैयार करने हेतु निर्धारित स्थलों पर पौध रोपण कराया जाये, इस दौरान आम, नीम, अर्जून, बेल, ऑवला, अशोक, बबुल, कैथा, ईमली, पिपर, बरगद, करौंदा, नीबू, कटहल, चिरौंजी, अनार, अमरूद, सहिजन आदि पौधों का रोपण किया जाये, एक पेड़ मॉ के नाम पौध रोपण की फोटो पर जाएं या फिर क्यू0 आर0 स्कैन करें, और महाभियान-2025 के साक्षी बनें, वृक्षारोपण अभियान में वृक्षा रोपण करने के साथ ही उसकी सुरक्षा व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए सभी विभाग मिल-जुलकर प्रयास करें

## मिशन शक्ति अभियान के तहत महिला सहायता चौकी थाना जामो पर आशा कार्यकत्रियों व एएनएम को किया जागरूक

अमन लेखनी समाचार

अमेठी ,अमेठी जामो पुलिस अधीक्षक अमेठी श्रीमती अपर्णा रजत कौशिक के निर्देशन में मंगलवार को मिशन शक्ति अभियान के अंतर्गत महिलाओं एवं छात्राओं में नारी सुरक्षा, नारी सम्मान एवं नारी स्वावलंबन की भावना को सशक्त करने हेतु महिला सहायता चौकी थाना जामो पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। अपर पुलिस अधीक्षक अमेठी श्री शैलेन्द्र कुमार सिंह द्वारा थाना क्षेत्र की आशा कार्यकत्रियों एवं एएनएम के साथ संवाद स्थापित कर उन्हें महिला संबंधित अपराधों, साइबर क्राइम एवं उनसे बचाव के उपायों के बारे में जानकारी दी गई। संवाद कार्यक्रम में उपस्थित महिलाओं को विभिन्न सरकारी हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी दी गई जिसमें 1090 वीमेन पावर लाइन, 181 महिला हेल्पलाइन, 1076 मुख्यमंत्री हेल्पलाइन, 1930 साइबर हेल्पलाइन, 112 पुलिस आपातकालीन सेवा तथा 1098 चाइल्ड लाइन शामिल हैं।

# सत्य एवं न्याय के ओत-प्रोत नीति ही वास्तविक राजनीति है : राजेश तिवारी

**सत्य एवं न्याय से विमुख नीति स्वार्थनीति है ।वह राजनीति ही कैसी जिसमें सत्य एवं न्याय की सुनीति न हो।।**

अमन लेखनी समाचार

प्रयागराज। सत्य एवं न्याय के ओत-प्रोत नीति ही वास्तविक राजनीति है यह अभिव्यक्ति स्वतंत्रता संग्राम सेनानी वंशज मेजा प्रयागराज के ग्राम पंचायत बकचून्दा निवासी राजेश तिवारी ने कोरांव विधान सभा माननीय विधायक राजमणि कोल से उनके निज कार्यालय धौखर गजाधरपुर माण्डा प्रयागराज में कही ।खबर का दृष्टिकोणिक कराते चले कि स्वतंत्रता संग्राम सेनानी वंशज श्री तिवारी माँ भगवती आदिशक्ति गड़बड़ा धाम का दर्शन करने हेतु ड्रामण्ड गंज मिजार्पुर कि ओर जा रहे थे उसी दरमियान यह शिष्टाचार भेंटवार्ता हुई ।स्वतंत्रता संग्राम सेनानी वंशज श्री तिवारी एवं माननीय विधायक कोरांव के बीच बहुत ही घनिष्ठतम पारिवारिक सम्बन्ध हैं एवं दोनों ही सम्भ्रान्त जन एक दूसरे के सुख-दुःख में अवश्य सहभागिता करते रहते हैं ।आपसी सौहार्दपूर्ण साहित्यिक परिचर्चा के दौरान स्वतंत्रता संग्राम सेनानी वंशज श्री तिवारी ने अपने उद्बोधन में कहा कि सत्य एवं न्याय के ओत-प्रोत नीति ही वास्तविक राजनीति है क्योंकि सत्य एवं न्याय में परिलक्षित नीति ही सर्वजन हिताय होती है और जिसमें सभी जन का हित हो वही नीति असली राजनीति कहलाती है ।स्वतंत्रता संग्राम सेनानी वंशज श्री तिवारी ने आगे कहा कि माननीय विधायक कोरांव अत्यन्त ही हँसमुख उत्तम विचार एवं कुशलवक्ता के साथ ही साथ सत्य एवं न्याय के ओत-प्रोत रहते हैं ।दया,प्रेम,परोपकार एवं सहानुभूति माननीय विधायक कोरांव के आत्मिक आभूषण हैं ।गरीब बेसहारों के दुःख निवारण हेतु रात दिन सदैव खड़े रहते हैं ।कोरांव विधान सभा के बेहतरी हेतु सदन पटल पर अपनी बात प्रमुखता से रखते हुए कोरांव विधान सभा क्षेत्र के चहुंमुखी विकास हेतु निरन्तर कार्य करते रहते हैं ।स्वतंत्रता संग्राम सेनानी वंशज श्री तिवारी ने यह भी कहा कि यह कोरांव विधानसभा वासियों का सौभाग्य है जो ऐसे कर्मठ एवं ईमानदार व्यक्तित्व के धनी महान विभूति को अपने विधायक के रुप में पाए हैं और यह सौ फीसदी निश्चित है कि कोरांव विधान सभा का माननीय विधायक के नेतृत्व में चहुमुंखी विकास होगा ।स्वतंत्रता संग्राम सेनानी वंशज श्री तिवारी ने आगे अपने व्यक्तव्य में यह भी कहा कि सत्य एवं न्याय से विमुख नीति स्वार्थनीति है,वह राजनीति ही कैसी जिसमें सत्य एवं न्याय की सुनीति न हो ।इस अवसर पर उपस्थित वरिष्ठ समाजसेवी एवं संघ जिला संयोजक कुटुम्ब प्रबोधन यमुनापार प्रयागराज पं० धीरेन्द्र पाण्डेय ने कहा कि स्वतंत्रता संग्राम सेनानी वंशज श्री तिवारी द्वारा माननीय विधायक कोरांव के बारे कही गई बातें अद्वितीय सत्य हैं और कोरांव विधान सभा क्षेत्र इनके नेतृत्व में निरन्तर विकासरत है।

# भूमिधरी जमीन पर अवैध कब्जे का आरोप, बुजुर्ग को दी जा रही जान से मारने की धमकी

अमन लेखनी समाचार

मीरजापुरः विन्ध्याचल थाना क्षेत्र के ग्राम नीबी गहरवार निवासी 82 वर्षीय बुजुर्ग रमाकान्त ने अपनी वैध भूमिधरी संपत्ति पर अवैध कब्जे और धमकियों के खिलाफ मीरजापुर क्षेत्र के पुलिस महानिरीक्षक (कक्क) को शिकायती पत्र सौंपा है। रमाकान्त ने आरोप लगाया है कि उनके ही सगे भाई श्रीकान्त, मीता देवी ,और प्रवीण कुमार ने खसरा संख्या 92, रकबा 2 बीघा में अपने हिस्से से अतरिक्त 10 बिस्सा जमीन पर जबरन कब्जा कर लिया है ।रमाकान्त ने बताया कि वे उक्त भूमि के वैध भूमिधर हैं और 20 वर्षों से वहीं निवास कर खेती करते आ रहे हैं। भूमि का नामांतरण एवं भू-अभिलेख उनके नाम पर दर्ज है ।उनकी उम्र अधिक होने के कारण वे चलने-फिरने में असमर्थ हैं और बीपी जैसी बीमारी से ग्रसित हैं। एम उनकी पत्नी फूलकुमारी का इलाज चल रहा है ऐसे में उनके सगे भाई विद्याकांत सदस्य उनकी देखभाल कर रहे हैं ।शिकायत में बताया गया कि विपक्षीगण झ्र श्रीकान्त (पुलिस विभाग से रिटायर्ड), मीता देवी (स्वास्थ्य विभाग से सेवानिवृत्त नर्स) और उनका पुत्र प्रवीण कुमार (जिसे शिकायतकर्ता ने बदमाश और गुण्डा प्रवृत्ति का है) झ्र मिलकर न सिर्फ जमीन पर अवैध कब्जा किए हुए हैं, बल्कि रमाकान्त और उनके छोटे भाई विद्याकान्त एवं उनके परिवार को जान से मारने की धमकि दे रहे हैं ।इस पूरे प्रकरण में एनसीआर संख्या 56/2024 के अंतर्गत धारा 323 और 504 में पूर्व में मुकदमा दर्ज किया जा चुका है ।बावजूद इसके अब तक कोई ठोस कानूनी कार्यवाही नहीं की गई। रमाकान्त का कहना है कि उन्होंने कई बार थाना दिवस और तहसील दिवस में शिकायतें दीं, परंतु प्रशासनिक स्तर पर निष्क्रियता बनी रही। शिकायत में यह भी उल्लेख किया गया है कि रमाकान्त द्वारा लगाए गए आम के फलदार वृक्ष को विपक्षियों ने काट डाला, जिसकी सूचना वन विभाग को दी गई है और उस पर भी एफआईआर की प्रक्रिया जारी है। रमाकान्त के प्रतिनिधि अमित कुमार त्रिपाठी मंत्री अखिल भारतीय कृषि एवं ग्रामीण मजदूर महासंघ सम्बद्ध भारतीय मजदूर संघ नीबी गहरवार मीरजापुर उत्तर प्रदेश द्वारा कक्क को प्रेषित पत्र में मांग की गई है कि कढउ की धाराओं 441, 447, 506 के तहत अविलंब एफआईआर दर्ज की जाए, जमीन पर से अवैध कब्जा हटाया जाए, तथा परिवार को आवश्यक सुरक्षा मुहैया कराई जाए। पत्र में आरोप लगाया गया है कि विन्ध्याचल थाने से मौके पर पहुँचे पुलिस अधिकारी गणेश पाण्डेय और वरुण शुक्ला राजस्व लेखपाल टीम ने मामले को गंभीरता से नहीं लिया और गोलमोल रवैया अपनाया।

## यूपी में 5000 प्राथमिक स्कूलों का विलय शिक्षकों का विरोध, गाजीपुर में 104 स्कूल होंगे मर्ज; BSA ऑफिस पर धरना

अमन लेखनी समाचार

गाजीपुर जिले में उत्तर प्रदेश सरकार ने शिक्षा व्यवस्था को मजबूत करने के लिए प्रदेश में लगभग 5000 प्राथमिक विद्यालयों का विलय करने की घोषणा की है। इस फैसले का बेसिक शिक्षा विभाग के शिक्षक विरोध कर रहे हैं ।गाजीपुर में 50 से कम छात्र संख्या वाले 104 विद्यालयों की पहचान की गई है। इन स्कूलों को आसपास के विद्यालयों में मिलाया जाएगा। इसके विरोध में उत्तर प्रदेश प्राथमिक शिक्षक संघ ने बेसिक शिक्षा अधिकारी के कार्यालय पर धरना प्रदर्शन किया। इस दौरान प्रदर्शनकारी शिक्षकों ने जमकर नारेबाजी की ।शिक्षक संघ के अध्यक्ष जितेंद्र कुमार यादव ने बताया कि उनका विरोध तीन चरणों में चल रहा है। पहले चरण में 30 जून को प्रदेश के 822




ब्लॉकों में शिक्षकों, छात्रों और ग्राम प्रधानों की बैठक हुई। दूसरे चरण में 6 जुलाई को चार घंटे का ट्विटर अभियान चलाया गया, जिसमेंतीसरे चरण में प्रदेश के सभी 75 जिलों के बेसिक शिक्षा अधिकारी कार्यालयों पर धरना प्रदर्शन किया जा रहा है। शिक्षक संघ का कहना है कि यह नीति छात्रों और शिक्षा के अधिकार अधिनियम के खिलाफ है। वे इसका अंत तक विरोध करेंगे।

**अमन लेखनी (हिन्दी दैनिक)**

स्वामी, प्रकाशक एवं मुद्रक श्रीमती अखिलेश सिंह द्वारा अवध एक्सप्रेस प्रकाशन, 434, सिविल लाइन, जेल रोड, उन्नाव, उत्तर प्रदेश से मुद्रित और ग्राम व पोस्ट-बनी, थाना- बन्थरा, लखनऊ-226401 (उ.प्र.) से प्रकाशित।

**सम्पादक– श्रीमती अखिलेश सिंह**

**समाचार सम्पादक – रुद्र प्रताप सिंह**

समाचार से संबंधित सभी विवादों का न्यायिक क्षेत्र लखनऊ होगा।

**मो. – 9838159555, 9935457982**

**E-mail address amanlekhaninews @gmail.com**



# विजय ने टाइटैनिक से की अर्जुन रेड्डी की तुलना

**मुंबई।** साउथ स्टार विजय देवरकोंडा अपनी आगामी फिल्म किंगडम को लेकर चर्चाओं में बने हुए हैं। इस दौरान विजय ने अपनी सबसे बड़ी हिट फिल्म अर्जुन रेड्डी को लेकर बात की। उन्होंने कहा कि वो नहीं चाहते कि लोग अर्जुन रेड्डी को भूल जाएं। जैसे मैं लियोनार्डो डिकैप्रियो की टाइटैनिक को हमेशा याद रखूंगा, लेकिन, इसका मतलब यह नहीं है कि वह कोई और अच्छा काम नहीं कर सकते या नहीं करेंगे। लेकिन, वह हमेशा इससे जुड़े रहेंगे। इसलिए लोगों का मेरे साथ ऐसा रिश्ता हो सकता है और अर्जुन रेड्डी की वजह से उनका मेरे प्रति लगाव हो सकता है। इसलिए मैंने उस लड़ाई को एक तरफ रख दिया है।

लाइफ Style

# शेफाली

## हॉलीवुड एक्टर ब्रैड पिट की हुई दीवानी

एजेंसी ▶▶ मुंबई

शेफाली शाह ने इंस्टाग्राम पर सोमवार रात एक पोस्ट साझा की, जिसमें वह हॉलीवुड एक्टर के अभिनय को जमकर सराहा रही हैं। साथ ही लोगों से एक गुजारिश भी कर रही हैं। आखिर क्यों इस कदर शेफाली शाह पर ब्रैड पिट का खुमार छाया हुआ?

हाल ही में हॉलीवुड एक्टर ब्रैड पिट की फिल्म 'एफ1' रिलीज हुई। यह फिल्म भारत में भी कमाल का कलेक्शन कर रही है। फिल्म की कहानी फॉर्मूला वन रेसिंग के ईद-गिर्द घूमती है। इस फिल्म और ब्रैड पिट की तारीफ शेफाली शाह कर रही हैं। वह अपनी पोस्ट में लिखती हैं, 'अगर आपने फिल्म एफ1 नहीं देखी है, तो अभी जाइए। आपको स्पोर्ट्स में इंट्रेस्ट हो या न हो। चाहे आपको रेसिंग के बारे में कुछ पता हो या न हो, चाहे आपको रेसिंग कारों में दिलचस्पी हो या न हो, बस इसे देखने जाइए। शेफाली शाह आगे अपनी इंस्टाग्राम पोस्ट में लिखती हैं, 'यह फिल्म रेसिंग के बारे में है। लेकिन, यह सफलता और असफलता के बारे में हैं। दोस्ती, जुनून और टीम बॉन्डिंग के बारे में है। फिल्म और इसकी कहानी के बारे में शेफाली तारीफों के पुल बांधती हैं। आखिर में वह लिखती हैं, 'ओह, मैंने ब्रैड पिट बारे में जिक्र नहीं किया? किया भी नहीं जा सकता है, क्योंकि कहने को तो मेरे पास शब्द ही नहीं हैं। ब्रैड पिट की फिल्म 'एफ1' के भारतीय बॉक्स ऑफिस कलेक्शन की बात करें तो इसने अब तक 53.20 करोड़ रुपए का कलेक्शन कर लिया। इस फिल्म को भारतीय सिनेमाघरों में 11 दिन हो चुके हैं।



हॉलीवुड मसाला



# सुपरमैन 11 को होगी रिलीज

**लॉस एंजिल्स।** जेम्स गन के डायरेक्शन में बनी डीसी सिनेमैटिक यूनिवर्स की रीबूट 'सुपरमैन' फिल्म इस शुक्रवार, 11 जुलाई को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। इस बीच अमेरिका में फिल्म की स्पेशल स्क्रीनिंग हुई। इसमें कुछ पत्रकार भी शामिल थे। हालांकि, मेकर्स ने फिल्म के रिव्यूज पर रिलीज तक रोक लगा रखी थी, लेकिन अमेरिकी वेबसाइट 'द डेली बीस्ट' ने इस पाबंदी को अनसुना कर 'सुपरमैन' का फर्स्ट रिव्यू शेयर कर दिया। मजेदार बात ये है कि समय रहते मेकर्स ने इसे वेबसाइट से हटवा दिया है।



# डकोटा को क्रिस के साथ लाने के लिए मां कर रही हैं प्रयास

**लॉस एंजिल्स।** डकोटा जॉनसन और क्रिस मार्टिन का अफेयर चर्चा में रहा है। लेकिन, बीते दिन आई इनके ब्रेकअप की खबर ने सबको चौंका दिया है। बताया गया कि कथित तौर पर करीब आठ साल साथ रहने के बाद दोनों ने अपने रिश्ते को खत्म कर दिया है। जबकि पहले की रिपोर्टों में ऐसा दावा किया गया था कि ये फैसला दोनों ने आपसी रजामंदी से लिया है। लेकिन, नई जानकारी के मुताबिक, दोनों के लिए ये ब्रेकअप मुश्किलभरा रहा है। अब डकोटा की मां ने इनके रिलेशनशिप पर रिएक्ट किया है। दरअसल, डकोटा जॉनसन की मां मेलानी ग्रिफिथ इनके ब्रेकअप को मानने के लिए तैयार ही नहीं हैं। उन्हें अभी भी लगता है कि इनका रिश्ता ठीक हो सकता है। 'मेलानी अपनी बेटी डकोटा के क्रिस के साथ इस बिखरे रिश्ते को सही करने की कोशिश कर रही हैं।



# बदनाम होकर भी नाम कमाने का गुमान

**मुंबई।** 'इंडियाज गॉट लेटेंट' शो पर पूरे देश में बवाल मचा था। समय रैना और उस विवादित एपिसोड में आए सभी गेस्ट रणवीर अल्लाहबादिया, अपूर्वा मखीजा और आशीष चंचलानी को आलोचना का सामना करना पड़ा था। लेकिन, अपूर्वा का कहना है कि वो आभारी और खुश हैं कि ये विवाद हुआ। 'बदनाम हुए तो क्या नाम ना होगा...' ये कहावत अपूर्वा पर खूब फब रही है। खुद उनका भी कुछ यही कहना है। कुछ महीने पहले कॉमेडियन समय रैना के यूट्यूब शो 'इंडियाज गॉट लेटेंट' को लेकर जमकर विवाद हुआ था। इस विवादित एपिसोड में शामिल हुईं अपूर्वा को भी खूब खरी-खोटी सुननी पड़ी थी। अब 'द रिबेल किड' का कहना है कि वो बहुत खुश हैं कि ये विवाद हुआ। हालांकि, उन्होंने ये भी खुलासा किया कि अगर ये किसी और के साथ हुआ होता तो सह नहीं पाता।



# स्टार पत्नियों की कहानी दिखाएंगे मधुर

**मुंबई।** अपनी कहानियों के जरिए फैशन और ग्लैमर इंडस्ट्री के पीछे की कहानी दिखाने वाले निर्माता-निर्देशक मधुर भंडारकर अब एक नई फिल्म लेकर आ रहे हैं। इस फिल्म में बॉलीवुड सेलेब्स की पत्नियों की कहानी को दिखाने की कोशिश करेंगे। उनकी फिल्म 'द वाइव्स'बॉलीवुड की सबसे ग्लैमरस महिलाओं के पीछे छिपी अनकही सच्चाई को उजागर करेगी। फिल्म मंगलवार से फ्लोर पर आ गई है। 'द वाइव्स' में सोनाली कुलकर्णी, मौनी रॉय, रेजिना कैसंड्रा, राहुल भट्ट, सौरभ सचदेवा, अर्जन बाजवा और फ्रेडी दारूवाला जैसे कलाकार मुख्य भूमिकाओं में नजर आएंगे। फिल्म की मंगलवार से शूटिंग शुरू हो गई है। इस फिल्म को लेकर मधुर भंडारकर का कहना है कि 'द वाइव्स' के साथ मैं समाज की एक और ग्लैमरस परत को हटाना चाहता हूं।

टीवी मसाला





# 25 साल बाद सीरियल की वापसी कड़ी सुरक्षा के बीच शुरू हुई शूटिंग

**नई दिल्ली।** एकता कपूर प्रोड्यूस सीरियल 'क्योंकि सास भी कभी बहू थी' का सीजन भी जल्द टीवी पर टेलीकास्ट होगा। नए सीजन में भी दर्शकों को स्मृति ईरानी और अमर उपाध्याय, तुलसी और मिहिर के किरदार में नजर आएंगे। हाल ही सीरियल में अपनी वापसी के बारे में स्मृति ईरानी ने भी ऑफिशियल स्टेटमेंट दिया है। इन दिनों सीरियल 'क्योंकि सास भी कभी बहू थी' की शूटिंग चल रही है। मगर, इस शूटिंग को पूरी तरह से सीक्रेट रखा जा रहा है। सेट पर मोबाइल फोन लाने की इजाजत नहीं है। बताया जा रहा है कि सभी एक्टर्स के फोन पर टेप चिपका दिए गए हैं, जिससे कोई जानकारी बाहर न जा सके। सेट पर काम करने वाले सभी लोगों से गोपनीयता का समझौता साइन करवाया गया है। स्मृति ईरानी को जेड-प्लस की सुरक्षा दी गई। नए सीजन की कहानी का जहां तक सवाल है तो इस बार फैमिली इमोशन के साथ सोशल, पॉलिटिकल मुद्दों को भी सीरियल में जोड़ा जाएगा। इस बार सीरियल के महज 150 एपिसोड ही दर्शकों को देखने को मिलेंगे। बताते चलें कि 25 साल पहले 'क्योंकि सास भी कभी बहू थी' ने लगभग 1000 से अधिक एपिसोड पूरे किए थे। नया सीजन मिड जुलाई में टेलीकास्ट होगा।

## राम गोपाल बजाज बने मंजू देवी के पिता

**नई दिल्ली।** 'पंचायत' देश की सबसे हिट और पॉपुलर वेब सीरीज रही है, जिसके हर किरदार को दर्शकों ने बेशुमार प्यार दिया है। हाल ही इसका चौथा सीजन आया, जिसकी खूब चर्चा रही। हालांकि, इस पर दर्शकों का उतना प्यार नहीं बरसा, जितना पिछले तीन सीजन पर बरसा, पर एक नए किरदार ने सबका दिल जीत लिया। ये किरदार न होता, तो शायद 'पंचायत सीजन 4' अधूरा रहता। यह किरदार है नाना जी का, जो फुलेरा गांव की प्रधान मंजू देवी के पिता और बृजभूषण दुबे के ससुर हैं। पर जिसने यह किरदार निभाया, उस एक्टर के बारे में जानकर आप हैरान रह जाएंगे। एनएसडी वाले भी इनके पैर छूते हैं और दिवंगत स्टार इरफान से इनका कनेक्शन है।



यह किरदार एक्टर राम गोपाल बजाज ने निभाया है, जो मशहूर थिएटर डायरेक्टर हैं। उन्होंने नाना जी के किरदार में अचानक से 'पंचायत 4' में एंट्री मारी और हर सीन लूट ले गए। उनकी पंच लाइन और डायलॉग्स ने भी दिल जीत लिया। सोशल मीडिया पर भी नाना जी की ही चर्चा ज्यादा हुई। 'आशीर्वाद कोई जादू-टोना थोड़ी ना है, जैसी करनी वैसी भरनी।', 'जो जैसा काम करेगा, वैसा फल पाएगा'...ये डायलॉग दर्शकों की जुबां पर चढ़ गए।

# रोमांस, म्यूजिक और इमोशन्स से सजी है सैयारा की कहानी



**मुंबई।** यशराज फिल्म्स और मोहित सूरी की जोड़ी पहली बार साथ आई है और उनकी ये पेशकश 'सैयारा' पहले से ही रोमांटिक फिल्मों के प्रेमियों में जबरदस्त हलचल मचा रही है। ट्रेलर के रिलीज के साथ ही ये फिल्म चर्चा में आ गई है। रोमांस, म्यूजिक और इमोशन्स से भरी इस कहानी ने यंग जनरेशन का दिल जीत लिया है। अहान पांडे और अनीत पड्डा इस फिल्म से अपना डेब्यू करने जा रहे हैं। 'सैयारा' का ट्रेलर जैसे ही सामने आया, सोशल मीडिया पर प्यार की बारिश होने लगी। ट्रेलर में एक युवा कलाकार और उसकी लेखिका के बीच पनपता प्यार दिखाया गया है, जो वक्त के साथ एक भावुक मोड़ लेता है। दोनों डेब्यू कलाकारों की केमिस्ट्री इतनी सच्ची और गहराई लिए हुए है कि दर्शक खुद को रोक नहीं पा रहे। कहानी में जिस तरह से प्रेम, दूरी और दर्द को बुना गया है, उसने लोगों की भावनाओं को झकझोर दिया।

### संगीत बना फिल्म की जान

इस फिल्म का म्यूजिक पहले ही सुर्खियों में है और आलोचकों से लेकर दर्शकों तक सभी इसकी तारीफ कर रहे हैं। सैयारा का टाइटल ट्रैक फ़हीम-अर्सलान की जोड़ी ने कम्पोज किया है और ये श्रोताओं के दिलों में घर कर गया है। जुबिन नौटियाल की आवाज में बर्बाद, विशाल मिश्रा का तुम हो तो, सचेत-परंपरा का हमसफ़र और अरिजीत सिंह व मिथुन की जुगलबंदी में धुन, सभी गाने म्यूजिक चार्ट पर टॉप कर रहे हैं।

# ओटीटी पर इस हफ्ते स्पेशल ऑप्स 2

## आप जैसा कोई, मिट्टी समेत 9 नई सीरीज और फिल्में

**मुंबई।** जुलाई के इस नए हफ्ते में जहां सिनेमाघरों में राजकुमार राव एक्शन अवतार में मालिक बनकार आ रहे हैं, वहीं विक्रांत मैसी के साथ शनाया कपूर की डेबयू फिल्म आंखों की गुस्ताखियां भी रिलीज हो रही है। लेकिन, यदि आपका दिल थिएटर जाने का नहीं है, तो ओटीटी पर घर बैठे एक-दो नहीं, बल्कि 9 नई वेब सीरीज और फिल्मों का लुत्फ उठा सकते हैं। इनमें सबसे खास जहां केके मेनन की स्पेशल ऑप्स 2 है, जिसमें वह रॉ अधिकारी हिम्मत सिंह बनकर वापस आ रहे हैं। वहीं, आर माधवन और फातिमा सना शेख की आप जैसा कोई भी रिलीज हो रही है। टोविनो थॉमस की मलयालम एक्शन फिल्म नारिवेट्टा भी हिंदी में आ रही है। वहीं, गांव की सादगी भरी कहानी 'मिट्टी' भी रिलीज हो रही है।



**आप जैसा कोई :** आर माधवन और फातिमा सना शेख की फिल्म आप जैसा कोई लगातार चर्चा में है। अब यह ओटीटी पर इसी हफ्ते 11 जुलाई को रिलीज हो रही है। कहानी एक शर्मीले स्वभाव वाले संस्कृत शिक्षक श्रीरेणु त्रिपाठी की है, जिसकी राहें एक फ्रेंच की टीचर मधु बोस से टकराती हैं। दोनों एक-दूसरे से बिल्कुल उलट हैं। लेकिन, यहां अपोजिट अट्रैक्ट वाला फॉर्मूला काम करता है। दोनों के बीच प्यार पनपता है। पुरातन सोच, उम्र का बंधन, संस्कृतियों की दीवारें टूटती हैं।

**स्पेशल ऑप्स सीजन 2 :** केके मेनन तीसरी बार फिर से रॉ एजेंट हिम्मत सिंह बनकर ओटीटी की दुनिया में धूम मचाने आ रहे हैं। नीरज पांडे की बेहद पॉपुलर वेब सीरीज स्पेशल ऑप्स सीजन 2 भी इसी हफ्ते रिलीज हो रही है। इससे पहले हम स्पेशल ऑप्स और स्पेशल ऑप्स1.5' में देश की सुरक्षा के लिए खतरनाक मिशन की बानगी देख चुके हैं। इस नए सीजन में दुश्मन नए जमाने का है। कहानी सायबर-आतंकवाद पर है। सीरीज में इस बार फिर से जहां हमें करण टैकर, विनय पाठक, मुजम्मलि इब्राहिम, सैयामी खेर और मेहर विज देखने को मलेंगे, वहीं ताहिर राज भसीन और प्रकाश राज की भी एंट्री हुई है।

**मिट्टी: एक नई पहचान :** मिट्टी: एक नई पहचान एक दिल को छू लेने वाली ग्रामीण भारत की कहानी पर बनी है। सीरीज में इश्वाक सिंह, श्रुति शर्मा, दीक्षा जुनेजा, योगेन्द्र टिकू और अल्का अमीन प्रमुख किरदारों में हैं। यह एक ऐसे संसार की झलक है, जो अपनापन और परंपराओं से भरपूर है, लेकिन अब बदलाव की दहलीज पर है। कहानी के केंद्र में शहर का एक सफल विज्ञापन कार्यकारी राघव है, जिसकी जिंदगी तब बदल जाती है, जब वह उस गांव की ओर लौटता है, जिसे वह कभी अपना घर कहा करता था। अपने दादा को अंतिम विदाई देने के लिए शुरू हुआ राघव का यह सफर, धीरे-धीरे एक ऐसी यात्रा बन जाता है जहां उसे फिर से अपने उद्देश्य, अपने लोगों और उस जगह की तलाश है, जिसे वह कभी पीछे छोड़ चुका था। 'मिट्टी' वेब सीरीज गुरुवार, 10 जुलाई को रिलीज होगी।

चाइल्ड आर्टिस्ट इंडस्ट्री में कदम रखने वाली नीतू कपूर ने एक से बढ़कर एक फिल्म में किया काम

# आरके स्टूडियो में मुलाकात, जहरीला इंसान के सेट पर प्यार

## कॅरियर के शीर्ष पर नीतू सिंह ने लिया शादी का फैसला

नीतू कपूर ने साल 1980 में ऋषि कपूर से शादी रचाई। अभिनत्री जब कपूर परिवार की बहू बनीं, तो वे अपने कॅरियर के शीर्ष पर थीं। ऋषि कपूर के साथ उनकी लव स्टोरी भी कम फिल्मी नहीं। नीतू कपूर शुरुआत में चिंटूजी को पसंद तक नहीं करती थीं। फिर साथ काम करते-करते बातचीत शुरू हुई तो दोनों अच्छे दोस्त बने। यहां तक कि ऋषि कपूर की रूठी गर्लफ्रेंड को मनाने के लिए नीतू सिंह चिट्ठी लिखने में मदद करती थीं। फिर, एक पल ऐसा आया कि दोनों सितारे एक-दूजे को ही दिल दे बैठे।

## ऋषि कपूर को पसंद नहीं करती थीं नीतू

नीतू कपूर और ऋषि कपूर की पहली मुलाकात आरके स्टूडियो में हुई। फिर फिल्म जहरीला इंसान के सेट पर दोनों करीब आए। एक इंटरव्यू के दौरान नीतू कपूर ने बताया था कि, मैं पहली बार उनसे (ऋषि) आरके स्टूडियो में मिली थी, जहां उनकी फिल्म 'बॉबी' की शूटिंग चल रही थी। लेकिन, हमारी ठीक से जान-पहचान फिल्म जहरीला इंसान के सेट्स पर हुई। मुझे पहली बार उनसे मिलकर बिल्कुल अच्छा नहीं लगा। वो मुझे बात-बात पर टोकते रहे और मुझे लगा कि वो एक बहुत ही रूखे इंसान हैं। लेकिन, फिर आहिस्ता-आहिस्ता दोस्ती हो गई और फिर शादी।

*मुंबई। 'माफ करना जमुना मैंने तुम्हें पगली कहा', अगर आप इंस्टाग्राम की दुनिया से परिचित हैं तो इस डायलॉग पर रील आपकी नजरों से जरूर गुजरी होंगी। सोशल मीडिया पर इस पर धड़ाधड़ रील बन रही हैं। बता दें कि यह डायलॉग साल 1968 में आई फिल्म 'दो कलियां' का है। फिल्म में यह डायलॉग जिस बच्ची ने बोला, आज जमाना उसे अभिनेत्री नीतू कपूर के नाम से जानता है। बतौर चाइल्ड आर्टिस्ट इंडस्ट्री में कदम रखने वाली नीतू कपूर ने एक से बढ़कर एक फिल्म में काम किया है।*



## चिंटू जी ने इस तरह कही दिल की बात

ऋषि कपूर और नीतू कपूर की ऑनस्क्रीन जोड़ी भी सुपरहिट रही। 70 के दशक में इनकी जोड़ी दर्शकों के बीच काफी पसंद की गई। ऋषि कपूर और नीतू सिंह के बीच अच्छी दोस्ती का रिश्ता बन चुका था। एक दिन ऋषि कपूर ने नीतू कपूर से पूछा कि वे इतनी फिल्में क्यों साइन कर रही हैं, क्या उन्हें शादी-वादी नहीं करनी है? इस पर नीतू ने जवाब दिया, 'किससे करूं मैं शादी'? बस इसी पल ऋषि कपूर ने अभिनेत्री को प्रपोज कर दिया और कहा, 'मुझसे'। इस तरह दोनों की शादी हो गई। ऋषि कपूर अब इस दुनिया में नहीं हैं। अप्रैल 2020 में उनका निधन हो गया।

## ऋषि कपूर ने प्यार और शादी पर कही थी ये बात

*एक बार दिवंगत एक्टर ऋषि कपूर ने अपनी और नीतू की पहली मुलाकात का किस्सा याद करते हुए कहा था कि 'हम एक-दूसरे के लिए बने थे। बस, जो कहा वो पूरा हो गया। हमारी मुलाकात बहुत जल्दी हो गई थी। जब मैंने अपने कॅरियर की शुरुआत की थी, तब डिंपल कपाड़िया की शादी हो गई थी, ऐसे में मेरे पास काम करने के लिए कोई हीरोइन नहीं थी। इस तरह मैंने नीतू के साथ बहुत सारा काम किया। कभी-कभी तो एक दिन में दो शिफ्ट्स भी किए। एक-दूसरे के साथ हम ज्यादा समय बिताने लगे, जिसकी वजह से हमारे बीच नजदीकियां भी बढ़ने लगीं और हम प्यार में पड़ गए। हम शादी करना चाहते थे। हमारी बड़ी ही नार्मल लाइफ रही है। दूसरे कपल की तरह हमारे बीच भी झगड़े और बहस होते हैं, पर अंत में सब ठीक हो जाता है। हमारे लिए ये सब बहुत आसान रहा है'।*